संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 13 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 100 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# वक्फ: हिंसा की आग में झुलसा मुर्शिदाबाद

● समसेरगंज में दो लोगों की मौत, धुलियान में एक व्यक्ति को लगी गोली, पुलिस ने अभी तक 100 से ज्यादा लोगों को किया गिरफ्तार

**आगजनी**

▶▶ धर्म के नाम पर हिंसा या दंगा न करें। हर इंसान की जान कीमती होती है : ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) कानून के खिलाफ चल रहा विरोध प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक पिता और पुत्र हिंसा प्रभावित समसेरगंज इलाके के जाफराबाद में अपने घर में घायल पाए गए थे। जिसके बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**परिजनों का आरोप- बदमाशों ने लूट के बाद मारी चाकू**
मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने उनके घर में लूटपाट के दौरान दोनों पर चाकू से कई हमले किए थे। वहीं अधिकारी ने कहा कि एक अलग घटना में, समसेरगंज ब्लॉक के धुलियान में एक अन्य व्यक्ति को गोली लगने की खबर सामने आई है। वक्फ कानून के विरोध के दौरान शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले के सूती और समसेरगंज इलाकों से बड़े पैमाने पर हिंसा की सूचना मिली थी।

**पुलिस ने अभी तक 100 से ज्यादा लोगों को किया गिरफ्तार**
पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ कानून के विरोध-प्रदर्शन को लेकर दो दिन हिंसा भड़की। सबसे पहले 8 अप्रैल को फिर 11 अप्रैल को, जिसमें अभी तक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस मामले में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी धर्मों के लोगों से हिंसा नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर हिंसा या दंगा न करें। हर इंसान की जान कीमती होती है। जबकि हिंसा के मामले में भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने की मांग की है।





## धर्म के नाम पर हिंसा या दंगा न करें: ममता

नए वक्फ कानून को लेकर देशभर में सियासी गर्माहट तेज है। कई जगहों पर इस कानून के विरोध में हिंसा होने की भी खबरे सामने आ रही है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कानून के विरोध में हिंसा को लेकर सभी धर्मों के लोगों से शांति बनाने की अपील किया है। सीएम बनर्जी ने कहा कि धर्म के नाम पर हिंसा या दंगा न करें। हर इंसान की जान कीमती होती है। राजनीति के लिए समाज को नुकसान पहुंचाना गलत है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ कानून को लेकर हो रहे हिंसा पर अपना रूख साफ किया।

## रेलवे संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच एनआईए करे: शुभेंदु

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में जारी विरोध प्रदर्शन जारी हैं। खासकर मुर्शिदाबाद में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और हिंसा हुई। हंगामे के दौरान रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की गई। अब पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने की मांग की है। शुभेंदु अधिकारी ने इस संबंध में रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।



**'रेलवे संपत्तियों में तोड़फोड़ का मामला संवेदनशील'**
पत्र में शुभेंदु अधिकारी ने वक्फ कानून के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद जिले में रेलवे संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं पर रेलवे मंत्री से ध्यान देने की अपील की। भाजपा नेता ने लिखा कि मेरी विनम्र अपील है कि रेलवे संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच एनआईए द्वारा की जाए। उन्होंने लिखा कि 'ये संवेदनशील मामला है क्योंकि मुर्शिदाबाद जिले की सीमा बांग्लादेश से लगती है। एनआईए जांच से इसके पीछे की साजिश का पदार्फाश होगा और साजिशकताओं की पहचान की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद में रेलवे संपत्तियों में की गई तोड़फोड़ के चलते न्यू फरक्का-अजीमगंज सेक्शन पर करीब छह घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा।

## कुछ लोग बंगाल को आग में झोंकना चाहते हैं: टीएमसी सांसद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने लोगों से बंगाल में शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बंगाल को आग में झोंकना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि राज्य में हिंसा और दंगे हों, लेकिन हमें अफवाहों का शिकार नहीं होना है। हमें राज्य में शांति बनाए रखनी चाहिए। अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि कुछ लोग धर्म के नाम पर विभाजन के बीज बोकर बंगाल में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह बंगाल के आपसी भाईचारे की परंपरा को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हम सभी को सतर्क और जागरूक रहने की जरूरत है। कुछ लोग चाहते हैं कि बंगाल जल जाए, लेकिन हमें ऐसा नहीं होने देना है।

**बनर्जी ने बंगाल में एसएससी भर्ती मामले पर भी की बात**
टीएमसी सांसद बनर्जी ने पश्चिम बंगाल एसएससी भर्ती मामले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं और उस पर भरोसा करते हैं, लेकिन हमें फैसले



की आलोचना करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह फैसला बंगाल के प्रति भाजपा के लगातार सौतेले रवैये को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहने के पीछे एक वजह है, क्योंकि उन्होंने (केंद्र सरकार) ने 59 लाख जॉब कार्डधारकों के मनरेगा फंड को रोक दिया है। उन्होंने कुछ विसंगतियों के कारण आवास फंड को रोक दिया। उन्होंने कहा कि अयोग्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन कुछ अयोग्य उम्मीदवारों के लिए हजारों लोगों की नौकरियां छीनना गलत है।

**मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप**
इस बीच, टीएमसी नेता जय प्रकाश मजूमदार ने मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया।

## फास्ट न्यूज

### मणिपुर में कानून-व्यवस्था में हुआ सुधार: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल:** मणिपुर के एक भाजपा विधायक ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और उम्मीद जताई कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। भाजपा विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि मैतेई और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है। काकचिंग जिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि, कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। हमें पूरा विश्वास है कि केंद्र जल्द से जल्द नई सरकार का गठन करेगा। मैतेई और कुकी समूहों के बीच शांति वार्ता शुरू हो गई है। हमारा मानना है कि शांति लाने में सहायता के लिए निकट भविष्य में मैतेई और कुकी विधायकों के बीच बातचीत होगी। मुझे विश्वास है कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। थंगा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा 'हमारे (भाजपा विधायकों) बीच नेता चुनने में कोई असमर्थता या मतभेद नहीं है। हम सभी एकजुट हैं। हम मणिपुर का विभाजन नहीं होने देंगे और सभी राज्य के लिए एकजुट रहेंगे'। बता दें कि, मई 2023 में इंफाल घाटी में मौजूद मैतेई और पड़ोसी पहाड़ी आधारित कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग पर मणिपुर उच्च न्यायालय के आदेश के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद झड़पें शुरू हुईं।

### बिना राज्यपाल की मंजूरी के कानून बन गए 10 विधेयक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति की मंजूरी के बिना कोई विधेयक कानून बन चुका है। ये ऐतिहासिक घटना सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद हुई, जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा विधेयकों को मंजूरी न दिए जाने के मामले में सुनवाई हो रही थी। न्यायमूर्ति एसबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि इन विधेयकों को उस तारीख से मंजूरी दी गई मानी जाएगी, जिस दिन इसे फिर से पेश किया गया था।



पुरी में भाजपा विधायकों और सांसदों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत, राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने पर दिया जोर।

## इंडिया ब्लॉक पर चुप क्यों है कांग्रेस': शिवसेना यूबीटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** विपक्षी इंडिया ब्लॉक में अनबन की खबरों के बीच शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को कांग्रेस से कुछ सवाल पूछे। यूबीटी शिवसेना के मुखपत्र सामना में छपे एक संपादकीय में कहा गया कि कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक की वर्तमान स्थिति पर खुलकर बात करनी चाहिए। साथ ही पार्टी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अहमदाबाद में हुई अपनी हालिया बैठक में केवल खुद पर ध्यान दिया, जबकि विपक्षी गठबंधन की चर्चा तक नहीं की। कांग्रेस को भारत गठबंधन के सहयोगियों से लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए था।

## अरब सागर में बनाएंगे शिवाजी महाराज का स्मारक: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायगढ़:** छत्रपति शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में पहुंचे। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री ने शिवाजी महाराज की वीरता को नमन किया। उन्होंने कहा कि खुद को आलमगीर कहने वाला औरंगजेब जीवन भर महाराष्ट्र में मराठों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा। वह मराठों से हारा और इसी धरती में दफन किया गया। औरंगजेब की समाधि इसी धरती



पर है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शिवाजी महाराज महाराष्ट्र तक सीमित नहीं हैं। उनकी एकता की विरासत देश के लिए प्रेरणा है। शिवाजी महाराज के स्वधर्म और स्वराज्य के आदर्श स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रेरित करते रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्य तक सीमित न रखें।

**विरासत**

▶▶ औरंगजेब महाराष्ट्र में ही मराठों से हारा और इसी धरती में दफन किया गया: अमित शाह

## नेशनल हेराल्ड: ईडी जब्त करेगी 661 करोड़ की संपत्तियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करेगी। ईडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने एक्ट की धारा 8 और एसोसिएटेड नियमों के नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे हैं, जहां ये संपत्तियां हैं। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाले परिसर को खाली करने की मांग की है। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा एजेएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को ईडी ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था। शुक्रवार को दिल्ली के हेराल्ड हाउस मुंबई के बांद्रा (ईस्ट) और लखनऊ के बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल की बिल्डिंग पर नोटिस चिपकाए गए हैं।

**नोटिस चिपकाएं**

▶▶ दिल्ली, मुंबई और लखनऊ की 3 प्रॉपर्टीज पर नोटिस चिपकाए, कहा- तुरंत खाली करें

**मुंबई में बनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की प्रॉपर्टी**
ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया गया है, कि वह हर महीने किराया/लीज राशि प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे।

## राज्यपाल के बाद राष्ट्रपति पर भी सुप्रीम कोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ल:** अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा।



इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। शुक्रवार रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी।

**फैसला लेना होगा:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

**आदेश**

▶▶ कहा- राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं, तीन महीने में बिल पर फैसला अनिवार्य

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना का जेसीओ शहीद

**श्रीनगर/जम्मू**
**जम्मू-जिले** के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू मेंआरएस पुरा सेक्टर पर इरऋके जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को छङ्कउ पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था।

## चिदंबरम ने की मोदी सरकार की तारीफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुंबई आतंकी हमले के 16 साल बाद भारत को आतंकी तहव्वुर राणा को अमेरिका से लाने में सफलता मिली है। इस बीच पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने आतंकी तहव्वुर राणा के सफल प्रत्यर्पण पर केंद्र सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में इस प्रक्रिया में तेजी आई। चिदंबरम के मुताबिक यूपीए सरकार में तत्कालीन मंत्री सलमान खुर्शीद और विदेश सचिव रंजन मथाई ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने यह भी कहा कि मैं भाजपा प्रवक्ताओं को गंभीरता से नहीं लेता हूं।

**रोडमैप तैयार** विदेश मंत्री ने कहा, हम इसे जल्द से जल्द हासिल करना चाहते हैं, हमारी टीम तैयार

## अमेरिका से कारोबारी समझौता हमारी प्राथमिकता: जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** 'भारत, अमेरिका के साथ कारोबारी समझौता करने को बहुत ही प्राथमिकता पर ले रहा है। हमें यहां अवसर दिख रहा है और इसे जल्द से जल्द हासिल करना चाहते हैं। हमारी कारोबारी वार्ताकारों की टीम भी पूरी तरह से तैयार है। पहले हम पर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि हम इस तरह की वार्ता को सुस्त कर रहे हैं, लेकिन अब यह दूसरी तरफ से हो रहा है। अभी तक तो हम जो प्रस्ताव रख रहे हैं, उस पर अमेरिका बहुत जल्द जबाव दे रहा है, लेकिन



पारस्परिक शुल्क घटनाक्रम के बाद क्या होता है, यह देखना होगा।' यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां आयोजित ग्लोबल टेक्नोलोजी समिट में पूछे गए एक सवाल पर कही

**कई देशों ने अमेरिका से ट्रेड वार्ता करने की पेशकश की**
विदेश मंत्री के उक्त बयान को इस संदर्भ में देखा जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन के अधिकारी अभी अपने सबसे बड़े कारोबारी साझेदार व प्रतिद्वंदी देश चीन के साथ ट्रेड वार को सुलझाने में जुटे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार अभी चीन, यूरोपीय संघ, कनाडा और मेक्सिको जैसे बड़े कारोबारी साझेदारों के साथ कारोबारी मसलों की राह निकालने में जुटी है। उधर, कई देशों ने अमेरिका से ट्रेड वार्ता करने की पेशकश की है।

**ट्रेड वार्ता**

▶▶ अभी तक तो हम जो प्रस्ताव रख रहे हैं, उस पर अमेरिका बहुत जल्द जबाव दे रहा है: जयशंकर

**भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबारी समझौते को लेकर हुई वार्ता**
माना जा रहा है कि ट्रंप सरकार में एक साथ इतने देशों के साथ ट्रेड समझौते पर वार्ता करने के लिए भी अधिकारी नहीं हैं। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबारी समझौते (बीटीए) को लेकर अंतिम वार्ता 26-29 मार्च को हुई थी। इसके पहले 4-6 मार्च को वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका गये थे।

# जैन ने सफाई ठेकेदारों को शहर में सफाई का कार्य सुचारु रूप से करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने जे वी एम कंपनी के अधिकारियों को घर - घर कूड़ा उठाने के कार्य में तेजी लेन के तथा सफाई ठेकेदारों को शहर में सफाई का कार्य सुचारु रूप से करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत मिशन सफल हो सके। नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में राजीव जैन ने कहा कि पिछले कुछ माह से शहर में सफाई वयवस्था चरमराई हुई है, उसके जो भी कारण रहे हों परन्तु अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि केवल मुख्य सड़कों पर ही नहीं बल्कि गलियों के अंदर भी सफाई होनी सुनिश्चित की जाये। ठेकेदारों ने बताया कि अब तक नियमित वेतन ना मिलने



के कारण जयादातर सफाई कर्मी काम पर नहीं आते थे परन्तु अब सफाई कर्मियों कि संख्या बढाकर सफाई पर पूरा धयान दिया जायेगा। बैठक में नगर निगम सह आयुक्त नरेश कुमार भी उपस्थित रहे। जे वी एम कंपनी के अधिकारी राजेश पांडे ने बताया कि जब से कम्पनी का कचरे से बिजली बनाने का संयत्र शुरू हुआ है तब से शहर के काफी कूड़ा संग्रहण प्वॉइंट खत्म किये गए हैं और जो बाकि बचे हैं उनकी वयवस्था भी सुधारी जाएगी। पांडे ने बताया कि घर घर से कूड़ा उठाने के लिए 80 टेम्पो लगाए गए हैं तथा कचरा केंद्रों से समय पर कूड़ा उठे इसके लिए बड़ी गाड़ियां एवं मशीने लगाई गई

**दिशा-निर्देश**
**⏩ शहर में सफाई वयवस्था चरमराई हुई है, उसके जो भी कारण रहे हों परन्तु अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी**

हैं। राजीव जैन ने निर्देश दिए कि कूड़े का उठान समय पर हो और रात को मार्किट में दुकान बंद होने के समय पर भी दुकान दुकान से कूड़ा लेना शुरू किया जाये। राजीव जैन ने शहर के नालों की सफाई भी जल्द ही शुरू की जाये ताकि बरसात के मौसम में पानी की निकासी में समस्या ना आये। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही शहर में स्वच्छता अभियान भी शुरू करने की योजना तैयार करें।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में चली गोलियां, शिकायत थाने में पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र के गांव सलीमसर माजरा में रंजिश को लेकर दो पक्षों में गोलियां चलने का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों के लोग घायल बताए जा हरे है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सलीम सर माजरा निवासी आकाश ने बताया कि वह खेती करता है। करीब 4-5 साल पहले प्रवीन और उसके साथियों ने खेत में उसके साथ झगड़ा किया था। मारपीट कर फोन छीन लिया था। उसने थाना सदर में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में कोर्ट में राजीनामा हो गया। प्रवीन ने फोन के 15 हजार रुपए लौटाने की बात कही थी। 5 हजार रुपए दे दिए, बाकी नहीं दिए। 10 अप्रैल

**मामला दर्ज**
**⏩ लोग घायल बताए जा हरे है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज**

को दोपहर 1:30 बजे आकाश ने प्रवीन को फोन कर पैसे मांगे। प्रवीन ने फोन नहीं उठाया। रात 10:30 बजे प्रवीन ने फोन किया। पैसे मांगने पर गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद प्रवीन, दीपक , भोलू , हिमांशु, राहुल , नीतू और कुछ अन्य लोग लाठी, डंडे, तलवार, डोगा और बंदूक लेकर आकाश के घर पहुंच गए। उस समय आकाश घर पर नहीं था। आरोपितों ने उसके पिता दिनेश और मां पूनम के साथ मारपीट की।

## चीनी मिल सोनीपत-प्रदेश में चीनी रिकवरी में दूसरे नंबर पर रहा सोनीपत का चीनी मिल

**सोनीपत:** शहर के कामी सड़क मार्ग पर स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत का वर्ष 2024-25 का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। चीनी मिल कारखाने में इस पेराई सत्र में चीनी की रिकवरी प्रदेश के अन्य दूसरे चीनी मिलों को पछाड़ते हुए दूसरे नंबर अपना स्थान कायम रखा है। पहले स्थान पर शाहाबाद चीनी मिल रहा। प्रदेश के सहकारी मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने चीनी मिल प्रबंधन को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी है।


**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**
संख्या 23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक: 11.04.2025
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस / साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एव समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-12-2025 | दिनांक 28.04.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरूक्षेत्र 1st Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking) बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरूक्षेत्र Site-1, कुरूक्षेत्र Site-2, करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा, दिल्ली सदर बाजार (1603.94 वर्गमीटर) = कुल 13 साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं / ठेकेदारों (ई-निविदा / ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

1101/25
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर लोगों में दिखाई देता विशेष उमंग व उत्साह: कृष्ण लाल पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 14 अप्रैल को हिसार और यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को कैंप ऑफिस में उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया की उपस्थिति और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 14 अप्रैल का

**दिशा-निर्देश**
**⏩ विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा । कार्यक्रम में पहुंचने के लिए लोगों में विशेष उमंग व उत्साह दिखाई पड़ रहा है। हर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचेंगे। पानीपत की चारों विधानसभाओं



की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बेहतरीन भूमिका रहेगी।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यह कार्यक्रम 100 एकड़ में होना प्रस्तावित है। 60 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था की गई है व 40 एकड़ में स्टेज व अन्य के लिए रिजर्व है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में मनरेगा, स्वयं सहायता समूह , पटवारी व ग्राम सचिवों की भी भूमिका विशेष तौर पर रहेगी। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि कार्यक्रम में जाने वाले पुरुषों और महिलाओं के लिए खाने व पानी की विशेष व्यवस्था की गई है।
कार्यक्रम से वापस आते वक्त खाने की व्यवस्था के लिए परिवहन विभाग के ड्राइवर व कंडक्टर को जिम्मेदारियां सौपी गई है।

उपायुक्त ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिगत हर टोल पर क्रेन मौजूद रहेगी ताकि जाम की स्थिति से निपटा जा सके। जिले के सभी टोल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाली बसों के लिए उस दिन फ्री रहेंगे। उनसे किसी भी तरह का चार्ज नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि यमुनानगर के लिए सभी विधानसभा क्षेत्र से जो गाड़ियां जा रही है वे 7 बजे अपने स्थान से युमनानगर जाना प्रारंभ कर देंगी।

उपायुक्त ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वो पटवारी और ग्राम सचिवों को कार्यक्रम में उनकी जिम्मेदारियां से संबंधित जानकारियां अपडेट कर दें।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भी है। कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व सभी अपने-अपने स्थान पर बाबा साहिब की मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करेंगे व उसके बाद कार्यक्रम के लिए बसों में रवाना होंगे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद सरफरोज उर्फ सोनू पुत्र कमालुद्दीन** निवासी म.नं. 2073 / 50, गली नं. 8, एम-फर्स्ट, संगम विहार, नई दिल्ली ने case **FIR No. 32/2019 U/s 325/341 IPC, थाना नेब सराय, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मोहम्मद सरफरोज उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद सरफरोज उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 32/2019 U/s 325/341 IPC, थाना नेब सराय, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सरफरोज उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
कमरा नं. 212
साकेत कोर्ट, दिल्ली
DP/4459/SD/2025(Court Matter)


# गाड़ियां बेचने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने धोखाधड़ी करके गाड़ियां बेचने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनमोल निवासी गौतम कॉलोनी नरेला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ज्ञान नगर निवासी देवव्रत ने गत दो दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसके साथ जयदीप निवासी शमसाना भी काम करता है। उसकी व जयदीप की गाड़ी के साथ संदीप निवासी नरेला दिल्ली एक साल से दोनों के साथ संबंध है। उनके साथ कार्य को लेकर एग्रीमेंट भी रखा है। जिसमें साफ लिखा हुआ है कि एक साल के बाद दोनों गाड़ियों को वापस कर दिया जायेगा। उन्हें एक महीने का किराया तक नहीं दिया। उन्हें

**काबू**
**⏩ सोनीपत पुलिस ने धोखाधड़ी करके गाड़ियां बेचने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है**

जानकारी मिली कि उनकी गाड़ियों को पंजाब में कबाड़ी से खुर्द-बुर्द करवा रहा था। उसके बाद मौके पर पहुंचे। जहां गाड़ी को थाने में खड़ा करवा दिया। दूसरी गाड़ी को जीपीएस के जरिए लुधियाना में होना पाया गया। जहां पता चला कि उसकी गाड़ी को खुर्द बुर्द कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। उपनिरीक्षक नरेश की टीम ने वारदात में शामिल तीन आरोपित मुकेश, संदीप व सुरेंद्र को पहले काबू कर लिया था।

# सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव । कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने की उन्होंने कहा की सृष्टि पर मानवता की रक्षा और अनैतिक शक्तियों को नष्ट करने वाले राम भक्त वीर हनुमान को समस्त विश्व द्वारा याद किया जाता है"हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी वह सभी पर हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहे हनुमानजी आप सभी को शक्ति और संजीवनी दें। इस मौके पर सेवा ट्रस्ट की को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से वहां उपस्थित साधू संतो को ग्लुकोज के पैकेट, नारियल तेल, खांसी की दवाई डाबर हनी टस, टूथपेस्ट का अटूट भण्डारा वितरित किया गया। उन्होने सभी को सपरिवार हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी व कहा की श्री राम भक्त



हनुमान जी की कृपा आप सभी पर बनी रहे ऐसी प्रभु से प्रार्थना है। सेवा ट्रस्ट के वरिष्ठ कोआर्डिनेटर नरेश शर्मा वह जिला मीडिया परभारी विजय पंघाल ने सभी रामभक्तों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई व शुभकामनाएं दी और सेवा ट्रस्ट द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो की विस्तृत जानकारी दी की सेवा ट्रस्ट सभी महापुरुषों की जयंती व धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सहयोगी डाबर के सहयोग से जरूरत का समान व रियल जूस का लंगर लगाती रहती हैं ।मास्टर प्रवीन गोयल व योगेश गर्ग द्वारा इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा की हम इस तरह के सामाजिक कार्यो के लिए हर संभव सहायता देने के लिये तैयार है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) मनोज पुत्र जौन सिंह निवासी ए-19, आई.डी. अस्पताल, किंग्सवे कैंप, दिल्ली, (2) कमल पुत्र भावेश मंडल निवासी शिवा की झुग्गी, आउट्रम लाइन, दिल्ली, (3) दीप चंद पुत्र राधे श्याम निवासी ई-234, 5वां पुस्ता, गली नं. 1, सोनिया विहार, दिल्ली, (4) संजय कुमार पुत्र भगवान दास निवासी डब्ल्यूजेड-145, राज नगर, पालम, दिल्ली, (5) विकास उर्फ प्रकाश पुत्र गंगा निवासी शिवा की झुग्गी, आउट्रम लाइन, दिल्ली, (6) विनय उर्फ विनोद पुत्र राम बहादुर निवासी शिवा की झुग्गी, आउट्रम लाइन, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **1934/15 अन्तर्गत धारा 3/4/12/55 जी. एक्ट, थाना मुखर्जी नगर, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मनोज (2) कमल (3) दीप चंद, (4) संजय कुमार, (5) विकास उर्फ प्रकाश, (6) विनय उर्फ विनोद** मिल नहीं रहे(रही) हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मनोज (2) कमल (3) दीप चंद, (4) संजय कुमार, (5) विकास उर्फ प्रकाश, (6) विनय उर्फ विनोद** फरार हो गये(गई) हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपे रहे(रही) हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **1934/15 अन्तर्गत धारा 3/4/12/55 जी. एक्ट, थाना मुखर्जी नगर, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **(1) मनोज (2) कमल (3) दीप चंद, (4) संजय कुमार, (5) विकास उर्फ प्रकाश, (6) विनय उर्फ विनोद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**निहारिका कुमार शर्मा**
अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
(उत्तर-पश्चिम), कमरा नं. 117
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
**DP/4529/NW/2025 (Court Matter)**


# नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र गोहाना में घर से स्कूल के लिए निकली नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र (फास्ट कोर्ट) की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 57 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सदर गोहाना थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने दो अप्रैल 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी कक्षा 12वीं में पढ़ती है। वह एक अप्रैल को घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटी। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। उसका मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की धारा को जोड़ दिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एसआई सुदेश की टीम ने आरोपित दीपक को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।









# सिविल लाइंस में बनेगा छह लेन का फ्लाईओवर

## मंत्री प्रवेश वर्मा ने आउटर रिंग रोड पर सबसे बड़े जाम वाले प्वाइंट पर फ्लाईओवर बनाने की मंजूरी दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी को जाम मुक्त करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से शुक्रवार को बड़ा कदम उठाया गया। मंत्री प्रवेश वर्मा ने आउटर रिंग रोड पर सबसे बड़े जाम वाले प्वाइंट पर फ्लाईओवर बनाने की मंजूरी दी है। इसके बनने से न केवल दिल्ली वालों को जाम से निजात मिलेगी, बल्कि अन्य राज्यों के वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। विभाग की ओर से आउटर रिंग रोड पर मेटकाफ हाउस टी-जंक्शन पर 183 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन के फ्लाईओवर का निर्माण होगा। इस परियोजना का उद्देश्य उत्तरी दिल्ली के व्यस्त चौराहे पर ट्रैफिक की भीड़ को कम करना और रिंग रोड पर वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाना है। यह फ्लाईओवर सिविल लाइंस और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए ट्रैफिक को सुचारू करने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे उत्तरी राज्यों की ओर जाने वाले यातायात को भी आसान बनाएगा। परियोजना के पूरा होने पर हजारों दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी, सड़क सुरक्षा में सुधार होगा और यात्रा का समय बचेगा।

**यह हैं परियोजना से जुड़ी प्रमुख विशेषताएं**

- मेटकॉफ हाउस जंक्शन पर सिग्नल मुक्त और निर्बाध ट्रैफिक प्रवाह सुनिश्चित होगा।
- सतह के पानी को रोकने के लिए नई ड्रेनेज प्रणाली लागू की जाएगी।
- पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुगम रास्ते के लिए फुटपाथ का निर्माण होगा।
- फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर स्थानीय ट्रैफिक के लिए समय और ईंधन बचाने के लिए बैक-टू-बैक यू-टर्न व्यवस्था लागू होगी।
- मेटकाफ हाउस जंक्शन पर ट्रैफिक प्रवाह सुगम होगा। सिग्नल प्रतीक्षा समय और वाहनों का दबाव कम होगा।
- आउटर रिंग रोड पर सलीमगढ़ फोर्ट और सिग्नेचर ब्रिज वाहनों के दबाव के कारण लगने वाले जाम से निजात मिलेगी।
- आईटीओ और आसपास के प्रमुख कॉरिडोर तक बेहतर पहुंच होगी।
- सिविल लाइंस ट्रॉमा सेंटर जैसे अस्पतालों के लिए आपातकालीन आवाजाही में सुधार होगा।
- हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के साथ संपर्क को बढ़ावा मिलेगा।

**राहत मिलेगी**

**इसके बनने से न केवल दिल्ली वालों को जाम से निजात मिलेगी, बल्कि वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी**

**रोजाना हजारों वाहन चालक होते हैं परेशान**

आउटर रिंग रोड पर कश्मीरी गेट से आगे जाते ही जाम से जूझना पड़ता है। यहां पर मेटकाफ हाउस के पास टी प्वाइंट है। यह चंदगी राम अखाड़े के पास भी है। यहां पर तीन तरफ से ट्रैफिक आता है। ऐसे में रोजाना हजारों वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह समस्या कश्मीरी गेट के साथ ही सलीमगढ़ फोर्ट से सिग्नेचर ब्रिज तक रिंग रोड पर लगातार सामने आ रही है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए पीडब्ल्यूडी और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त निरीक्षण किया।

# वसंत कुंज के स्कूल का फरमान- अभिभावकों की नो एंट्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिभावकों का विरोध थम नहीं रहा है। वसंतकुंज स्थित एक निजी स्कूल ने अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, द्वारका के नामी निजी स्कूल के खिलाफ अभिभावकों का प्रदर्शन जारी रहा। अभिभावक परविंदर सिंह ने बताया कि स्कूल प्रशासन ने सात अभिभावकों की नोटिस के साथ एक सूची स्कूल के प्रवेश द्वार पर लगाई है। इसमें दुर्व्यवहार के आरोप के आधार पर उनको स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध लगाया है। अभिभावकों का कहना है कि गैर मंजूर फीस का विरोध करने पर स्कूल प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। इसका पुरजोर विरोध करते हैं। साथ ही सार्वजनिक तौर पर नाम चस्पा करना अभिभावकों के सम्मान को ठेस पहुंचना है। स्कूल के इस कृत्य के खिलाफ शिक्षा निदेशालय को शिकायत की गई है। निदेशालय से हमारी मांग है कि वह स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। बढ़ी फीस का भुगतान न करने पर स्कूल ने नए शैक्षणिक सत्र को लेकर बच्चों को वाट्सएप ग्रुप से भी नहीं जोड़ा है। बच्चे स्कूल जरूर जा रहे है, लेकिन शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर उन्हें कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है। इसी स्कूल के खिलाफ आर्थिक पिछड़ा वर्ग के अभिभावक भी किताबों के लिए पिछले एक हफ्ते से चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें भी अभी तक किताब नहीं मिली है। द्वारका स्थित स्कूल के खिलाफ अभिभावकों ने छठे दिन भी प्रदर्शन किया। स्कूल पर फीस बढ़ोतरी और लाइब्रेरी में बंधक बनाकर बच्चों को बिठाने का आरोप है।

इसको लेकर अभिभावक विरोध जता रहे है। इस मामले में जिला अधिकारियों द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**विरोध**

**निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिभावकों का विरोध थम नहीं रहा है**

# झगड़े के दौरान बदमाश ने एएसआई के पेट में घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर इलाके में अज्ञात बदमाश ने झगड़े के दौरान दिल्ली पुलिस के एक एएसआई के पेट में चाकू घोंपकर घायल कर दिया। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद मौके से भाग गया है। पीड़ित एएसआई की पहचान प्रेमपाल के रूप में हुई है। वह उत्तर पूर्वी जिला के पीसीआर में तैनात हैं। घटना के समय पीड़ित आजादपुर गांव स्थित अपने घर के पास थे। प्रेमपाल ने खुद ही फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां वह बयान देने की हालत में नहीं हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच कर आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

# ड्रग्स तस्करी के मामले में एक गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिम जिला पुलिस ने नेपाल से तस्करी कर लाई गई 1.562 किग्रा. चरस के साथ एक तस्कर अजय राठी को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई चरस उसने एक नेपाली नागरिक से खरीदी थी। पुलिस अब आरोपित के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि एंटी स्नैचिंग सेल और एएनटीएफ की संयुक्त टीम को सूचना मिली कि महिपालपुर इलाके में एक ड्रग्स तस्कर माल की सप्लाई देने के लिए आने वाला है। इसके आधार पर पुलिस टीम ने महिपालपुर एक्सटेंशन के लेबर चौक के समीप छापेमारी कर अजय राठी को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से 1.562 किग्रा. चरस मिली। आरोपित रोहतक, हरियाणा का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि पहले वह शराब की तस्करी करता था लेकिन ड्रग्स के धंधे में ज्यादा मुनाफा देखकर उसने ड्रग्स की सप्लाई शुरू कर दी। वह एक नेपाली नागरिक से चरस खरीदता था। बरामद चरस 30 लाख रुपये की बताई जा रही है। जांच में पता चला कि अजय पर पहले से शराब तस्करी के पांच माममले दर्ज हैं।

# नई ईवी पॉलिसी में महिलाओं को मिलेगी विशेष छूट, ड्राफ्ट तैयार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार राजधानी में ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए नई ईवी पॉलिसी पर काम कर रही है। इसमें दोपहिया ई-वाहन खरीदने वाली महिलाओं को विशेष छूट देने का प्रावधान किया गया है। महिलाओं को ई-दोपहिया खरीदने पर विशेष प्रोत्साहन के रूप में 36,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। यह सुविधा पॉलिसी लागू होने के बाद 10,000 महिलाओं के लिए होगी।

मौजूदा समय में पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार है जिसे जल्द कैबिनेट में पेश किया जाएगा। नई पॉलिसी में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति किलोवाट 12,000 रुपये की खरीद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो अधिकतम 36,000 रुपये तक होगी। यह नीति केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव योजना के साथ मिलकर राजधानी में ई-वाहनों को तेजी से अपनाने में मदद करेगी।

# यूपीआई सर्विस रही बाधित, पेमेंट करने में आई दिक्कत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देशभर में शनिवार को तकनीकी समस्या के चलते यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सर्विसेज ठप हो गईं। इसके कारण लाखों उपयोगकर्ता भुगतान और धन हस्तांतरण पूरा करने में असमर्थ रहे। भारत में यूपीआई सर्विस में व्यापक व्यवधान की खबरें आई हैं, जिसका असर गूगल-पे, फोनपे और पेटीएम जैसे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म को यूज करने वाले उपयोगकताओं पर पड़ा है। उपयोगकताओं ने लेन-देन विफल होने और 2-3 घंटे की अवधि के लिए सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाइयों की सूचना दी है। डाउनडिटेक्टर के अनुसार दोपहर तक यूपीआई सेवाओं के बारे में शिकायतें 2,000 से अधिक हो गईं, जिनमें भुगतान और फंड ट्रांसफर से जुड़ी सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं। इस बीच नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में इस इस समस्या को स्वीकार किया है।

**परेशानी**

**इसके कारण लाखों उपयोगकर्ता भुगतान और धन हस्तांतरण पूरा करने में असमर्थ रहे**

# यूट्यूबर से मांगी 13 करोड़ की फिरौती, आरोपी धरा गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी उत्तरी जिले की बवाना थाना पुलिस ने एक कारोबारी से 13 करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में आरोपित विशाल उर्फ कटिया को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया विशाल बवाना इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से जबरन वसूली के लिए कॉल करने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी निधिन वलसन ने शनिवार को बताया कि 10 अप्रैल को शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी कि एक अनजान नंबर से उन्हें कॉल आई। कॉलर ने उनसे 13 करोड़ की फिरौती मांगी। रुपये न देने पर कॉलर ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। डीसीपी के अनुसार शिकायतकर्ता एक यूट्यूबर है, जिसने करीब 11 महीने पहले उन्होंने वामिका शर्मा के साथ प्रेम विवाह किया था। शिकायतकर्ता के ससुर का छह साल पहले निधन हो गया था। उनके निधन के बाद उनकी सारी संपत्ति उनकी दो बेटियों, दो बेटों में बांटी गई। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि नौ अप्रैल को वह किसी काम से बवाना सेक्टर-1 गए थे। रात करीब साढे आठ बजे उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद का नाम विशाल बताया और खुद को इलाके का कुख्यात अपराधी बताया। विशाल ने पीड़ित को बताया कि उसकी पत्नी को काफी संपत्ति मिली है। जिंदा रहना है तो जल्दी से 13 करोड़ रुपये का इंतजाम कर लो।

**गिरफ्त में**

**13 करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में आरोपित विशाल उर्फ कटिया को गिरफ्तार किया है**

# राहत के बाद अगले सप्ताह से सताएगी गर्मी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में दो दिन चली आंधी व बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज हुई और गर्मी को लोग भूल गए। हालांकि यह अभी फौरी राहत है। अगले दो दिन और थोड़ी राहत रहेगी और अगले सप्ताह से गर्मी फिर से सताने लगेगी। मौसम विभाग ने 16 से 18 अप्रैल के लिए लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। यदि तीनों दिन लू चली तो अप्रैल के मध्य तक ही लू चलने वाले छह दिन हो जाएंगे। अप्रैल में बीते सप्ताह तीन दिन लू चल चुकी है। दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार व शुक्रवार को आंधी व बारिश से मौसम का मिजाज बदल चुका है। 40-41 चल रहा तापमान लुढ़ककर 35 डिग्री तक पहुंच गया है। शनिवार को भी मौसम सुहावना बना रहा। धूप निकली, लेकिन आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे। गर्मी का अहसास नहीं हुआ। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 35.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.0 डिग्री कम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शुक्रवार शाम से शनिवार सुबह 8:30 बजे तक 000.7 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**तपिश**

**उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में दो दिन चली आंधी व बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है**

**लोदी रोड इलाका रहा सबसे ठंडा**

वहीं, दिल्ली का लोदी रोड इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 33.4 और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि पालम में तापमान 33.9 और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा। रिज में अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आयानगर में 004.0 मिमी, रिज में 001.4. पालम में 002.0 और लोदी रोड में 000.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शनिवार शाम को भी हल्की बारिश होने की संभावना जताई थी। लेकिन शाम तक बारिश नहीं हुई।

**अगले सप्ताह के मध्य से फिर से जोर पकड़ेगी गर्मी**

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार तक कुछ ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

# किन्नर बनकर दिल्ली में रह रहे थे दो बांग्लादेशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिणी पश्चिम जिला पुलिस की एंटी स्नैचिंग सेल ने हार्मोनल इंजेक्शन और सर्जरी करवाकर ट्रांसजेंडर बने दो बांग्लादेशी नागरिकों तान्या और माही को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिसमें प्रतिबंधित आइएमओ ऐप के माध्यम से दोनों बांग्लादेश में अपने स्वजन से संपर्क करती थीं। इसके अलावा इनसे आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बरामद किए हैं, जोकि इन्होंने फर्जी दस्तावेज की मदद से बनवाए थे। वहीं स्पेशल स्टाफ ने आरके पुरम में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक एम्ब्रोस को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) भेज दिया है।

**रोहिणी से तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार**

रोहिणी जिला पुलिस ने दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी घुसपैठिये को पकड़ा गया। इनमें से एक महिला भी शामिल है। इन सभी को स्पेशल स्टाफ, रोहिणी की टीम ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें निर्वासन केंद्र भेज दिया।

**पुलिस टीम ने उन पर नजर रखनी शुरू की**

पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि एंटी स्नैचिंग सेल को अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी (ट्रांसजेंडर) नागरिकों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने उन पर नजर रखनी शुरू की। करीब आठ दिन तक उनकी निगरानी के बाद पुलिस टीम ने महिपालपुर, दिल्ली के पास से पीएनबी वाली गली, महिपालपुर निवासी माही और माता चौक, महिपालपुर निवासी तान्या को गिरफ्तार किया गया।

**प्रतिबंधित आइएमओ ऐप का हो रहा था इस्तेमाल**

पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें प्रतिबंधित आइएमओ ऐप भी इस्तेमाल किया जा रहा था। ऐप के माध्यम से दोनों बांग्लादेश में अपने स्वजन व रिश्तेदारों से बातचीत करती थीं। पुलिस को इनके फोन में इनके बांग्लादेश से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। पुलिस ने फर्जी दस्तावेज से बने इनके आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बरामद किए हैं।

**काबू**

**सर्जरी करवाकर ट्रांसजेंडर बने दो बांग्लादेशी नागरिकों तान्या और माही को गिरफ्तार किया**

# यूथ कांग्रेस ने पेट्रो पदार्थों की मूल्य वृद्धि के खिलाफ किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) ने आज राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में यहां रायसीना रोड स्थित संगठन मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों का विरोध किया और इसके लिए सरकार की तीखी आलोचना की। इस अवसर पर उदय भानु चिब ने कहा कि देश में अभी 100 करोड़ लोग आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि हालात और बदतर होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के मुकाबले अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में 41% की गिरावट आई है।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव का बिगुल बजा, 25 अप्रैल को होगी वोटिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव को लेकर बिगुल बज गया है। जेएनयू छात्र संघ चुनाव समिति 2024-25 ने चुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया है। छात्र संघ चुनाव 25 अप्रैल को होगा। चुनाव के परिणाम 28 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे। चुनाव की घोषणा होने के साथ आचार-संहिता लागू हो गई है। साथ ही छात्र संगठनों ने भी चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।

**15 अप्रैल से कर सकेंगे नामांकन**

चुनाव समिति के अनुसार, 13 अप्रैल को संभावित मतदाताओं की सूची प्रदर्शित की जाएगी। 14 अप्रैल को सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदाता सूची में सुधार करवा सकेंगे। इसी दिन दोपहर दो बजे से लेकर शाम पांच बजे तक के बीच नामांकन फॉर्म जारी किए जाएंगे। 15 अप्रैल से चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके तहत 15 अप्रैल को सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक के बीच नामांकन भर सकेंगे। 16 अप्रैल को सुबह दस बजे वैध नामांकन करने वालों की सूची जारी की जाएगी। इसी दिन दोपहर दो बजे तक नामांकन वापस ले सकेंगे। दोपहर तीन बजे अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी होगी। चुनाव के संबंध में 17 अप्रैल और 21 अप्रैल को स्कूल जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया जाएगा, जबकि 22 अप्रैल को यूनिवर्सिटी जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित होगी। 23 अप्रैल को रात आठ बजे से प्रेजिडेंशियल डिबेट शुरू होगी। 24 अप्रैल को कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक और दोपहर ढाई बजे से लेकर शाम साढ़े पांच बजे तक की अवधि के बीच में मतदान होगा। 25 अप्रैल रात नौ बजे से मतगणना शुरू होगी और 28 अप्रैल को अंतिम परिणाम जारी किया जाएगा।

**चुनाव आयोजन के लिए 45 सदस्यों की समिति**

जेएनयू छात्र संघ चुनाव के आयोजन के लिए अलग-अलग स्कूलों और सेंटर से 45 सदस्यों की समिति गठित की गई है। इसमें चुनाव समिति का अध्यक्ष विकास को बनाया गया है। इस संबंध में जेएनयू डीन छात्र कार्यालय ने अधिसूचना जारी की है। जेएनयू छात्र संघ चुनावों के संबंध में लिंगदोह समिति के नियमों और शर्तों का पालन कराने के लिए अध्यक्ष जिम्मेदार होगा। चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**नामांकन**

**15 अप्रैल से चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। 15 अप्रैल को नामांकन भर सकेंगे**

**शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मांगा सहयोग**

चुनाव समिति ने प्रस्तावक और उम्मीदवार की उचित पहचान के उद्देश्य से मतदाता सूची में कोई भी नाम और सुधार नामांकन दाखिल करने से पहले करने के निर्देश दिए है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा के बाद जनरल बॉडी मीटिंग के संबंध में घोषणा की जाएगी। शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से चुनाव कराने के लिए चुनाव समिति के अध्यक्ष विकास ने जेएनयू के झेलम हॉस्टल के सीनियर वार्डन को भी पत्र लिखा है। इसमें उनसे सहयोग की मांग की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार छात्र संघ चुनाव करीब एक महीने की देरी से आयोजित हो रहा है।

# प्रदेश में विकास के द्वारा परिवर्तन आया: सैनी

**विकास पथ**

**भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना कर चलाया स्वच्छता अभियान, छोटी बच्चियों से बात**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी "गांव चलो" अभियान के तहत शनिवार को जिला पंचकूला के गांव रामगढ़ की चौपाल में पंहुचे। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों को हनुमान जयंती की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने रामगढ़ के विकास के लिए 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि चुनाव हो या न हो, प्रदेश के प्रत्येक गांव में नेतागण जाकर लोगों का हालचाल जाने व ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो में प्रदेश में विकास के द्वारा जो परिवर्तन आया है वो जनता के सामने है। विपक्ष के लोग सिर्फ चुनाव के समय ही गांव, कस्बे व शहर में जाकर लोगों से लुभावन वायदे कर उनके वोट हथियाने का प्रयास करते थे, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया है। आज प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है तो विकास भी ट्रिपल गति से ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो में प्रदेश की सड़कों का सरकार ने कायाकल्प किया है। आज रामगढ़ से सहारनपुर जाने में 45 मिनट लगते हैं। उन्होने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीनों में मुख्यमंत्री निवास पर लगभग डेढ़ लाख लोग उनसे आकर मिले और 75 हजार लोगों की समस्याओं का सरकार ने समाधान भी किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी सरकार की सोच थी कि प्रदेश में हर 20 किलोमीटर पर कॉलेज होगा, जिससे प्रदेश की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए ज्यादा दूर न जाना पड़े, ये सपना हमारी सरकार ने साकार किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की सभी फसलों को एसएसपी पर खरीदा जा रहा है। इसके अलावा, किसानों की भलाई के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जा रहा है। रेवाड़ी में एशिया की सबसे बडी सरसों तेल मील तथा कुरूक्षेत्र में सूरजमुखी किसानों के लिए बड़ी तेल मील बनाने की सरकार की मंशा है।

इससे उस क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा।

इसके उपरांत, मुख्यमंत्री ने रामगढ़ गांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे जानकारी ली।

# भारत का टेक्सटाइल क्षेत्र एक्सपोर्ट नौ लाख करोड़ रुपए तक पहुंचेगा

**योगदान**

**युवाओं को अच्छे संकल्प के साथ राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए: राज्यपाल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ आचार और विचार का भी सही होना जरूरी है। जैसा आचार, विचार और व्यवहार होगा वैसे ही व्यक्तित्व होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को अच्छे संकल्प के साथ राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में विशेषकर युवाओं की भागीदारी जरूरी है। युवाओं को हमेशा बड़े विचार और बड़ी सोच रखनी चाहिए। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शनिवार को भिवानी में स्थानीय टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल एंड साइंसेज के वार्षिक दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे चाहे वैज्ञानिक बनें या उद्योगपति बनें, लेकिन देश, समाज, अपनी कर्मभूमि और जन्म भूमि के प्रति अपना दायित्व ना भूलें। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के उत्थान में स्टील और टैक्सटाइल का बड़ा योगदान होता है। टेक्सटाइल के क्षेत्र में न केवल रोजगार पाने की बल्कि बड़ा बिजनेस मैन बनने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत का टेक्सटाइल के क्षेत्र एक्सपोर्ट करीब नौ लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। इतना ही नहीं टैक्सटाइल के क्षेत्र में तीन करोड़ से भी अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि भिवानी में टीआईटी की स्थापना प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी जीडी बिड़ला ने ऐसे समय में की थी, जब देश द्वितीय विश्व युद्ध के अंधेरे बादलों से घिरा हुआ था। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रेरित होकर इस संस्थान की नींव रखी, जो देश के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कपड़ा उद्योग में इस संस्थान का योगदान किसी से छिपा नहीं है। अपनी स्थापना के समय से ही, इस संस्थान ने कपड़ा क्षेत्र के विकास में एक आधारशिला की भूमिका निभाई है। वैश्विक आर्थिक मंदी और विभिन्न चुनौतियों के बावजूद, संस्थान ने अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता को बनाए रखा है।

## न्यूज फ्लैश

### साइक्लोथॉन 2.0 – ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम को गुरुग्राम में मिला जनसमर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ड्रग फ्री हरियाणा संदेश लेकर प्रदेश में जारी साइक्लोथॉन 2.0 निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए गुरुग्राम जिला की प्रमुख सडकों से शनिवार को साइक्लोथॉन 2.0 होकर गुजरी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम में घामड़ोज टोल प्लाजा से झंडी दिखाकर शनिवार की सुबह यात्रा को झज्जर जिला के लिए रवाना किया। ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम को गुरुग्राम में बड़ा जनसमर्थन मिला। उन्होंने खुद भी साइकिल चलाकर युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने जिलावासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस मुहिम से प्रदेश में नशे के खिलाफ एक लहर बन चुकी है। इस लहर में गुरुग्राम जिला की महत्वपूर्ण भूमिका है। गुरुग्राम की दुनिया भर में पहचान है और यहां का संदेश पूरी दुनिया में जाता है। भारत को दुनिया का विश्व गुरु बनाने के लिए युवा शक्ति को नशे के खिलाफ आगे आना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे जिलावासियों को नशा मुक्त हरियाणा की शपथ भी दिलाई।

### सुखबीर बादल फिर चुने गए शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सरदार सुखबीर सिंह बादल को शनिवार को स्वर्ण मंदिर के तेजा सिंह समुदंरी हॉल में पार्टी के प्रतिनिधि सत्र में सर्वसम्मति से शिरोमणी अकाली दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भूंदड़ ने सरदार सुखबीर सिंह बादल के नाम का प्रस्ताव रखा और परमजीत सिंह सरना ने इसका अनुमोदन किया। प्रतिनिधियों द्वारा किसी अन्य उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव नही किया गया, जिसके बाद पार्टी के मुख्य चुनाव अधिकारी गुलजार सिंह रणीके ने बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के गगनभेदी नारों के बीच बादल को पार्टी का नया अध्यक्ष घोषित किया । प्रतिनिधियों ने अकाली दल अध्यक्ष को पार्टी की नई वर्किंग कमेटी गठित करने के लिए भी अधिकृत किया। अध्यक्ष के चुनाव के बाद सरदार सुखबीर सिंह बादल ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा मैं आपको प्रतिबद्धता देता हूं कि मैं खालसा पंथ, पंजाब और अकाली दल के सम्मान से संबंधित किसी भी मुद्दे पर कभी समझौता नही करूंगा। पंथक एकता के लिए भावपूर्ण अपील जारी करते हुए सरदार बादल ने उन सभी लोगों से जो किसी भी शिकायत के कारण अकाली दल से दूर चले गए उन्हे अपने मतभेदों से ऊपर उठकर अकाली झंडे तले पंथक मुख्यधारा में वापिस आने का आवाहन किया। उन्होने कहा,ह्यह्य हम खालसा पंथ और पंजाब के सदा आभारी हैं। सरदार बादल ने यह भी बताया कि पिछले छह महीनों में अकाली दल और इसकी लीडरशीप को खत्म करने की साजिशें रची गई हैं। उन्होने कहा कि यह साजिश तब शुरू हुई जब अकाली दल ने तीन खेती बिलों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए भाजपा को छोड़ दिया था। उन्होने कहा,ह्यह्य पिछले छह महीनों के दौरान इस साजिश को ओर तेज कर दिया गया। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब हमने एनडीए छोड़ा तो केंद्र ने अपने पिटढूओं को आगे लाने का फैसला किया। उन्होने कहा कि श्री हजूर साहिब और श्री पटना साहिब बोर्डों के प्रबंधन का विस्तार करके उन्हें सरकारी कब्जे में ले लिया गया। केंद्र ने हरियाणा के लिए नई गुरुद्वारा कमेटी को तोड़ने के अलावा इसके नेताओं को भाजपा में शामिल करके डीएसजीएमसी पर भी कब्जा कर लिया। सरदार बादल ने कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि समुदाय के फैसलों को ऐसी ताकतों द्वारा प्रभावित किया जा रहा है । यहां तक कि हमारे आदरणीय जत्थेदार साहिबान, जिन्हे पंथक हितों के संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए था, उन्होने भी इन ताकतों के हाथों की कठपुतली बनना स्वीकार किया। मैं शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को बधाई देता हूं कि उन्होने हमारे तख्तों पर से सिख विरोधी ताकतों का कब्जा खाली करवा लिया है। सरदार सुखबीर सिंह बादल ने 2027 में अकाली दल को सत्ता में वापिस लाने के लिए प्रतिनिधियों का आवाहन करते हुए कहा,ह्यह्य एक बार जब हमारे कार्यकर्ता अकाली दल को सत्ता में वापिस लाने का फैसला करते हैं तो यह सच में होगा। मैं अपनी ओर से आपकों आश्वासन देता हूं कि अगली अकाली सरकार गैंगस्टर कल्चर और ड्रग्ज माफिया को खत्म करेगी, जिसे आम आदमी पार्टी द्वारा सरंक्षण दिया जा रहा है। उन्होने यह भी घोषणा की कि अकाली दल राज्य के सवार्गींण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम राज्य में उद्योग वापिस लाएंगें। हम समाज के सभी वर्ग चाहे वह किसान हो यां कमजोर वर्ग का अधिकार सुनिश्चित करेंगें।

# 'प्राचीन संस्कृति का संरक्षण करते हुए धार्मिक स्थलों का किया जा रहा जीर्णोद्धार'



**धरोहर**

**आयुष्मान कार्ड के तहत जरूरतमंद लोगों को 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**अंबाला:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर जिला अंबाला के गांव भूरेवाला स्थित एसआरएम कॉलेज परिसर में 31 फूट ऊंची पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण–प्रतिष्ठा एवं अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए गर्व और गौरव का दिन है। हम सब जानते हैं कि भगवान श्री राम की हनुमान जी ने एक सेवक के रूप में निस्वार्थ भाव से सेवा की है। जब लक्ष्मण और मेघनाथ के युद्ध के दौरान लक्ष्मण मूर्छित हो गए थे, तो उस घड़ी में हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाकर उन्हें जीवन देने का काम किया था।उन्होंने कहा कि अयोध्या में वर्षों से राम जन्म भूमि को लेकर कानूनी विवाद चल रहा था, जिसका कानूनी प्रक्रिया से समाधान करवाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य एवं दिव्य मंदिर बना, जो हम सबके लिए गर्व और गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि धर्म और राजनीति एक-दूसरे के पर्याय हैं, राजनीति और धर्म एक-दूसरे के बिना नहीं चल सकते। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी प्राचीन संस्कृति एवं धरोहर का संरक्षण करते हुए धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने लुप्त होती जा रही हमारी प्राचीन संस्कृति एवं धरोहर को संरक्षण देते हुए जीर्णोद्धार करने का काम किया हैं। भगवान काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर, उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर, प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों लोगों द्वारा आस्था की डूबकी लगाना, उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम का जीर्णोद्धार और पाकिस्तान में स्थित करतारपुर साहिब कॉरिडोर का खुलना प्रमुख है। इसी प्रकार, हरियाणा सरकार ने भी कुरूक्षेत्र की पावन धरा, जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भागवत गीता का संदेश दिया था, वहां पर अनेक तीर्थों का जीर्णोद्धार किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महापुरुषों की सोच के अनुरूप एवं उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए गरीबों के हित को ध्यान में रखकर लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयुष्मान कार्ड योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की है। हरियाणा में भी आयुष्मान/चिरायु कार्ड योजना के तहत लगभग 20 लाख लोगों को इस योजना का लाभ दिलवाया गया है।

# गेहूं खरीद कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : मुकुल

**अव्यवस्था**

**फसल बेचते समय मंडी में किसानों को किसी भी अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हैफेड के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने कहा कि गेहूं खरीद कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए कि फसल बेचते समय मंडी में किसानों को किसी भी अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े तथा सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर फसल खरीद सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समय पर गेहूं की खरीद का उठान होना चाहिए तथा किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस सीजन में अधिकारियों को विशेष हिदायत दी है कि वे उठान कार्य पर विशेष फोकस रखें ताकि व्यापारियों और किसानों को कोई समस्या न आए। किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए व्यापक प्रबंध तथा समुचित व्यवस्था की गई है। हैफेड के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने शनिवार को अनाज मंडी कुरुक्षेत्र और पिपली में गेहूं खरीद एवं उठान संबंधित सुविधाओं का जायजा लिया और आढ़तियों और किसानों से बातचीत करते हुए उठान व गेहूं खरीद से संबंधित जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बैसाखी के पावन अवसर पर दी हार्दिक शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बैसाखी के पावन अवसर पर राज्य, पंजाब और वैश्विक पंजाबी समुदाय के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि बैसाखी पर्व फसल के मौसम की शुरूआत का प्रतीक है और कृतज्ञता, खुशी और सामुदायिक भावना के त्योहार के रूप में विशेष महत्व रखता है। यह गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद भी दिलाता है, जो सिख इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है।

# संस्कारों से जुड़ी शिक्षा से संतुष्ट होने के लिए दिशा जरूरी: मनोहर

**भूमिका**

**शिक्षा संस्कार देती है। रोजगार के साथ-साथ जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने में भी अहम भूमिका निभाती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को जिला पानीपत के गीता यूनिवर्सिटी नौल्था में आयोजित पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। संस्थान द्वारा केंद्रीय कैबिनेट मंत्री व हरियाणा कैबिनेट मंत्री का बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने यूनिवर्सिटी के विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कार देती है। रोजगार के साथ-साथ जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने में भी अहम भूमिका निभाती है। एक शिक्षित व्यक्ति के अंदर समाज को आगे बढ़ाने के लिए अच्छे गुणों का समावेश होना जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने संकल्प दिलाया कि संस्कारों से जुड़ी शिक्षा से संतुष्ट होने के लिए दिशा तय करना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि अभिभावकों की मेहनत, लगन और संस्कार से विद्यार्थी अपनी अपनी विधाओं में अव्वल रहे हैं, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसा कुछ करना चाहिए जिससे लंबे समय तक देश उन्हें याद करे। विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके उस पर कार्य करना चाहिए व संकल्प लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। देश के लिए अच्छा करने वालों को पीढ़ियों तक नहीं बल्कि हजारों वर्ष तक याद किया जाता है। उन्होंने ट्रिपल आर को जीवन का आधार बताया व उस पर फोकस किया। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की विकास को लेकर कटिबद्ध है। जहां-जहां विकास की संभावना है, सरकार वहां नेक नियति से कार्य करके प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक पहुंचते–पहुंचते हमारी विकसित भारत के रूप में दुनिया में पहचान होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देश विकास के चरण को छू रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने को लेकर प्रयासरत है।

# यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की शानदार शुरूआत होगी

**विकास कार्य**

**जब प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी यहाँ पधारकर विकास की नई गाथा लिखेंगे**


**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की धरती 14 अप्रैल, 2025 को एक सुनहरे पल की साक्षी बनने जा रही है, जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहाँ पधारकर विकास की नई गाथा लिखेंगे। इस अवसर पर यमुनानगर और हिसार में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होगा, जो आत्मनिर्भर भारत और समृद्ध हरियाणा के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। ये परियोजनाएँ न केवल हरियाणा के आधारभूत ढांचे को नई ताकत देंगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार की नई राहें भी प्रशस्त करेंगी।

**यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की शानदार शुरूआत**
प्रधानमंत्री यमुनानगर में हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की 800 मेगावाट की आधुनिक थर्मल पावर यूनिट का शिलान्यास करेंगे। 233 एकड़ की विशाल भूमि पर बनने वाली इस तीसरी इकाई पर 8,469 करोड़ रुपये का निवेश होगा। 52 माह की समय-सीमा में यह परियोजना पूरी होगी, और मार्च 2029 तक इसका व्यावसायिक संचालन शुरू होकर हरियाणा को ऊर्जा की स्वर्णिम रोशनी से आलोकित करेगा। यह इकाई हरियाणा को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी और उद्योगों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "गोबरधन मिशन" से प्रेरित होकर हरियाणा राज्य स्वच्छता, सतत विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# स्कूलों को अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम की करनी होगी पालना: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम का इस बार हाल में पालन करना होगा। इन सभी स्कूलों को उज्जवल पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकार करने होंगे। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह पोर्टल पहली बार बनाया गया है, ताकि विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि आरटीई एक्ट 2009 की अनुपालना में सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को अलाभप्रद व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए उक्त एक्ट के तहत कक्षा पहली/पूर्व प्राथमिक कक्षाओं हेतु 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होंगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में चल रहे सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को आगाह किया गया है कि वे अपने विद्यालयों में कक्षा पहली/पूर्व प्राथमिक कक्षा में उपलब्ध सीटों की जो जानकारी आप द्वारा 25 प्रतिशत सीट डिक्लेरेशन में दिखाई गई या नहीं दिखाई गई हैं। सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को उज्जवल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन को स्वीकार करना होगा। जिन अभिभावकों के घर/निवास स्थान से एक किलोमीटर के दायरे में जितने भी मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल होगें में ऑनलाइन पोर्टल पर फार्म भर सकते है। जिस मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालय के पास 25 प्रतिशत सीटों से अधिक आनलाइन दाखिले फार्म प्राप्त होंगे तो जिला स्तरीय कमेटी/अभिभावको की उपस्थिति में ड्रा निकालना सुनिश्चित करेंगें तथा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में समय-समय पर संशोधित नियम की सभी धाराओं को मानने के लिए बाध्य होगें।

# प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार तत्पर: उद्योग मंत्री राव नरबीर



**सरकार एक्टिव**

**तो मानव जाति का अस्तित्व निश्चित तौर पर ऐसे खतरे में पड़ जाएगा जिससे बाहर निकलना असंभव होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि पर्यावरण प्रदूषण गुरुग्राम के साथ-साथ पूरे देश के लिए गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। समय रहते न चेते तो मानव जाति का अस्तित्व निश्चित तौर पर ऐसे खतरे में पड़ जाएगा जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। अकेले सरकार प्रदूषण नियंत्रण नहीं कर सकती। इसके लिए आमजन को बीड़ा उठा कर सरकार के साथ आना होगा।

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह शनिवार को गुरुग्राम में देश की प्रतिष्ठित एसजीटी यूनिवर्सिटी में इंडियन प्रॉस्थोडॉन्टिक सोसायटी (आईपीएस) के 27वें पीजी कन्वेंशन में मुख्य अतिथि के रूप में देशभर से आए ढाई हजार से अधिक डेंटल एक्सपर्ट्स व स्टूडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा छात्रों से इस सम्मेलन के सभी शैक्षणिक अवसरों का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने कन्वेशन में विशेष तौर पर युवाओं व आम नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए आज दो संकल्प अवश्य लें। पोलिथिन व शादी ब्याह के कार्ड पर स्वयं रोक लगा कर सभी अपना नैतिक धर्म निभाएं। उन्होंने बताया कि पॉलीथिन के कैरी बैग को खत्म होने में चार सौ साल का समय लग जाता। यह तथ्य वैज्ञानिकों के एक समूह ने बताया है। पॉलीथिन जलाओ तो यह प्राणवायु ऑक्सीजन को जलाता है, सीवर जाम करता है, जमीन में दबाओ तो सदियों तक पड़ा रहता है। इसी तरह आजकल एक ऐसा फैशन भी चलन में है जो पर्यावरण को और खतरे में डाल रहा है। हाल के वर्षों में उनकी संख्या दस करोड़ से घट कर सात करोड़ हो गई लेकिन शादी-ब्याह में निमंत्रण के लिए तीन करोड़ लकड़ी व प्लास्टिक के सूटकेस बनवाए जा रहे हैं जिनमें ड्राई फ्रूट्स व मिठाइयां होती हैं। यह आदत तो सामाजिक तौर पर भी विषमता बढ़ाने वाली है। कार्ड और सूटकेस बनाने में हजारों पेड़ काटने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' नारे का उदाहरण देते हुए पर्यावरण एवं वन मंत्री ने अपील की कि एक पेड़ अपने लिए और एक अपनी भावी पीढ़ी के लिए अवश्य लगाया जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में एसजीटी यूनिवर्सिटी के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने एसजीटी विश्वविद्यालय एवं देशभर से आए डेंटल विशेषज्ञों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि एसजीटी विश्वविद्यालय सपनों को दिशा और सपनों को आधार देने वाला विश्वविद्यालय है।

# प्रधानमंत्री ने 11 सालों में सबसे बड़ा कार्य वैचारिक परिवर्तन का किया है : मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 सालों में सबसे बड़ा कार्य वैचारिक परिवर्तन का किया है। देश हित में अनेक नए अभियान शुरू कर पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है।
उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य वही है जो पार्टी के कार्यों और उसकी विचारधारा को आगे बढ़ाये। आज प्रदेश में पार्टी के 45 हजार सक्रिय सदस्य बन चुके हैं, जबकि 1996-97 में इनकी संख्या मात्र 3500 हजार थी।
उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य पार्टी की धुरी होते हैं।
मनोहर लाल बीती शाम सैक्टर-9 स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामान्य सदस्य




वही है, जो पार्टी का समर्थक हो। लेकिन सक्रिय सदस्य उसे माना जाएगा ,जो पार्टी के कार्यों और विचारधारा को आगे बढ़ाए।
उन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ के अस्तित्व में आने से लेकर भाजपा के गठन तक के इतिहास पर प्रकाश डाला।
उन्होंने कहा कि 2025 आरएसएस का भी शताब्दी वर्ष है। कार्यकताओं को संघ की विचारधारा की भी जानकारी होनी चाहिए। भले ही आरएसएस राजनैतिक पार्टी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 हो हुई थी। विगत 45 सालों में भाजपा के सक्रिय सदस्यों की संख्या भी बढकर 34 हजार हो गई है।
मनोहर लाल ने कहा कि 1977 तक देश के अधिकांश लोगों को लोकतंत्र के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी। लोगों को 1977 में वोट की ताकत का पता चला। उन्होंने कहा कि 11 सालों में प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ा वैचारिक परिवर्तन किया है। पीएम ने एक बार कहा था-देश पहले, मैं

**संतुलन**

**देश हित में अनेक नए अभियान शुरू कर पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है : मनोहर लाल खट्टर**

बाद में, जबकि कांग्रेसी कहते थे- मैं पहले, देश जाए भाड़ में।
प्रधानमंत्री ने समाज में संतुलन के लिये पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया।
स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालयों का निर्माण, लोगों को जागरूक करने के लिये विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया।
उन्होंने कहा कि देश में 40 करोड़ लोग 11 साल के भीतर गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। विश्व के 177 देशों ने योग दिवस को मान्यता दी। आज मेडिकल, इंजीनियरिंग, कानून आदि की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में होने लगी है।
मोदी ने मोटापा खत्म करने के लिये घरों में तेल की खपत 10 प्रतिशत कम करने का आह्वान किया। यह बुनियादी ढांचे का ही नतीजा है कि आज सडकें चकाचक हैं। रेलवे और मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है। देश ऊर्जा में आत्मनिर्भर बन गया है। हर घर नल से पानी पहुंचाने का भी सरकार ने किया है। उन्होंने जनहित में उठाये गये अनेक कार्यों की जानकारी दी।
विधायक जगमोहन आनंद ने भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विचार विषय पर संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 1990 तक अलग पहचान बना ली थी। संगठन को मजबूत करने में उन्होंने डा. मंगलसेन के अतुलनीय योगदान का वर्णन किया।

# दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में बैसाखी, हनुमान जयंती और अंबेडकर जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 12 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बैसाखी, हनुमान जयंती और अंबेडकर जयंती एक साथ मनाई- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बैसाखी, हनुमान जयंती और अंबेडकर जयंती एक साथ बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। स्कूल के ऑडिटोरियम में कक्षा तीन से दसवीं तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। जिसने वातावरण को पवित्रता से भर दिया। इसके तत्पश्चात कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का भक्तिमय पाठ प्रस्तुत किया। जिससे सभी श्रोतागण भक्ति रस में डूब गए। छात्रों ने संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर के संपूर्ण जीवन वृत्तांत, भारतीय संविधान, मौलिक अधिकार, मतदान



एवं मतदाता के महत्त्व, बैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व के वर्णन आदि विषयों के संदर्भ में भाषणों के माध्यम से हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और सभ्यता की विरासत की महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध करवाईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज ने अपने प्रेरणादायक व आशीर्वादपूर्ण शब्दों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और इन पवित्र त्योहारों के गहरे अर्थ को समझाया। उन्होंने अपने प्रेरक विचारों से सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और उनमें एकता व भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।
उन्होंने छात्रों को भारतीय मूल्यों और परंपराओं का सम्मान करने तथा उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। तो दूसरी तरफ बैसाखी के विशेष अवसर पर प्री-प्राइमरी और कक्षा दूसरी के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक रैंप वॉक ने कार्यक्रम में जीवंतता और आनंद भर दिया जिसने सभी का मन मोह लिया।

# महापुरुषों के शौर्य को कलंकित कर रहे हैं सपा सांसद : डा.नरेंद्र




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राजपूत सभा करनाल की ओर से महाराणा संग्राम सिंह उर्फ राणा सांगा की जयंती सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में मनाई गई। सभा की ओर से उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनकी वीरता के बारे में कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। सभा के वरिष्ठ प्रधान कुलदीप नंबरदार, महासचिव बृजपाल राणा एडवोकेट, कुंवर अमित सिंह सहित कई लोगों उनके जीवन पर प्रकाश डाला।
प्रधान सहित राजपूत सभा के सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा की महाराणा सांगा का जीवन संघर्षों से भरा रहा। घायल होने के बावजूद भी उन्होंने अपने जीवन की सभी लड़ाइयां जीती, लेकिन कुछ राजनीति से प्रेरित लोग उन पर अनाप-शनाप और अभद्र टिप्पणी कर उनके शौर्य को कलंकित करने

**विचार रखें**

**सभा की ओर से उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई और वीरता के बारे में कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे**

का काम कर रहे हैं। यह महापुरुषों का अपमान है। कुछ राजनीतिक दल भी ऐसे लोगों का समर्थन कर रहे हैं, इससे बड़ी शर्मनाक बात नहीं हो सकती।
उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं होते। महापुरुषों ने 36 बिरादरी के लिए लड़ाइयां लड़ी, उनके जीवन की रक्षा की और अपने प्राणों का बलिदान दिया। राजपूत और क्षत्रिय समाज महापुरुषों के अपमान को लेकर चुप नहीं बैठेगा। इस दौरान मांग की गई की महाराणा सांगा पर टिप्पणी करने वाले सांसद अपनी इस अभद्र टिप्पणी पर माफी मांगे और उनकी सदस्यता भी रद्द होनी चाहिए।

# गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में छठा इंटर्नशिप मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 12 (अप्रैल व्लादिमीर सिंह)** गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, करहंस, समालखा में छह इंटर्नशिप मेले का आयोजन किया गया , जिसमें दिल्ली , चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश की 18 प्रतिष्ठित लॉ फर्मों ने छात्रों के लिए इंटर्नशिप अवसर की पेशकश की। इस इंटर्नशिप फेयर इवेंट कॉलेज के प्रशिक्षण निदेशक डॉ. प्रेरणा डावर की लुक-लाइन में हुआ। डॉ. प्रेरणा डावर ने इस छठे इंटर्नशिप मेले के बारे में जानकारी दी लीगलिम्स कंसल्टस , एसजीन लॉ ऑफिस , डेडिकेटेड प्रदीप अहलावत , अस्सर लॉ फर्म , क्रिएटर आकाश राणा , बीएमजी ज्यूरिस , केएमएस लॉ फर्म , एलसीजेडएफ लॉ फर्म , टैक्स




अवतार , प्रोटोटाइप लैपटॉप कुमार एंड एसोसिएट्स , डी डब्लूएचए एंड क्रिएटर्स , श्रीकांत संयम बत्रा , श्री मिश्रा लीगल एसोसिएट्स एल स्टूडियोज , क्रिएटर अमित कौशिक , त्रयंबकसिज प्राइवेट लिमिटेड , सचिवालय रोहित गुप्ता , कट्टर नीरज नरवाल एंड एसोसिएट्स जैसे टॉपस्थ लॉ फर्म्स ने कॉलेज पोर्टफोलियो का दौरा किया और छात्रों का चयन किया। गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के 200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न लॉ फर्मों के सदस्यों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चांसलर निशांत बैसाम ने इंटर्नशिप सेल को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि , हमारे छात्रों के करियर में यह इंटर्नशिप फेयर माइल्स का पत्थर साबित होगा। ऐसे आयोजनों से छात्रों को न केवल प्रतिष्ठित लॉ फर्मों के साथ सीधे संवाद करने का अवसर मिलता है , बल्कि उन्हें व्यावसायिक अनुभव और कानूनी क्षेत्र में नई दिशा भी मिलती है।

**पेशकश की**

**चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश की 18 प्रतिष्ठित लॉ फर्मों ने छात्रों के लिए इंटर्नशिप अवसर की पेशकश की**

# बैसाखी बड़े हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** लिटिल मिलेनियम स्कूल 7इ में वैसाखी पर्व बड़े हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल को रंग-बिरंगे फूलों, पोस्टर्स और पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाते सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक पंजाबी गीतों और गिद्दा-भांगड़ा की शानदार प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।

# धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान श्री परशुराम जयन्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला जिला ब्राह्मण सभा रजि. की ओर से भगवान श्री परशुराम मंदिर पीपली बाजार अम्बाला शहर में हनुमान जयंती के अवसर पर सत्यनारायण की कथा एवं सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कथा, पाठ एवं हवन यज्ञ पंकज डिमरी ने करवाया। उन्होंने बताया कि श्रीराम के भक्त बजरंगबली को सात चिरंजीवियों में से एक माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वो कलयुग में भी जीवित हैं। उनकी कृपा से जीवन के सारे दुख दूर हो जाते हैं। इसके



पश्चात सभा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 28 एवं 29 अप्रैल को 48वां भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। 28 अप्रैल को शाम 3 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा 29 अप्रैल को प्रातः 9 बजे हवन-यज्ञ तथा 11 बजे से 11:30 बजे तक प्रवचन होगा।

# शस्त्र अधिनियम में दर्ज अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**बरामद**

**आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर असंध रोड नजदीक गांव रतक से आरोपी वीरेंद्र उर्फ लाडी पुत्र गुरमुख सिंह निवासी असंध करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत थाना असंध में मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के संबंध में अग्रिम अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार बीती शाम सीआइए टू की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर चिडांव मोड करनाल पर नाकाबंदी करके आरोपी सुनिल उर्फ कन्नू पुत्र विरेन्द्र निवासी दयानंद कॉलोनी मॉडल टाउन करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर दो अवैध देशी पिस्तौल 32 बोर, 15 जिंदा कारतूस व एक खाली मैग्जीन बरामद की गई। इस सबध में अनुसंधान अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक फकीर चंद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## मोबाइल टावरों से कीमती रिमोट रेडियो यूनिट चुराने वाले तीन आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सीआइए वन की टीम द्वारा प्रोडक्शन वारंट पर लेकर तीन आरोपियों विनोद उर्फ विनोदी पुत्र निगाहिया, पवन कुमार उर्फ बौनी पुत्र धर्म सिंह और कुलदीप पुत्र सतपाल निवासी गांव गोहिदा करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल टावर की कीमती एक रिमोट रेडियो यूनिट बरामद की गई। अनुसंधान अधिकारी उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि गहनता से पूछता करने पर पाया गया।

# जमाकर्ताओं ने संघर्ष समिति गठित कर पीपी कपूर को संरक्षक बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हयूमन को-ऑपरेटिव सोसाइटी की ठगी के शिकार पानीपत,करनाल,सोनीपत व रोहतक जिलों के जमाकर्ताओं व एजेंटों ने मीटिंग करके ग्यारह सदस्यीय संघर्ष समिति गठित कर- के आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर को इसका संरक्षक बनाया और आंदोलन को सुचारु व प्रभावी ढंग से चलाने का फैसला किया है । पीड़ितों को जमा रुपया वापिस दिलाने व सोसाइटी प्रमुख समीर अग्रवाल सहित सभी दोषियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन चलाया जायेगा ।
आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया कि पुलिस



द्वारा गिरफ्तार ठग बिजेंद्र रूहल मच्छरोली ने करीब दो सौ करोड़ की सम्पति इस ठगी से पिछले दस पंद्रह सालों में बना ली है । गांव मच्छरोली,जौरासी, जींद, उत्तर प्रदेश सहित कई गाँवों में कृषि भूमि , पानीपत हुडा सेक्टर ,चंडीगढ़ में कोठियां व लक्जरी कारें बना ली । जबकि इस सोसाइटी का एम डी समीर अग्रवाल इस ठगी से हजारों करोड़ रुपये ठग कर दुबई में ऐश कर रहा है । कपूर ने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षो से हयूमन सोसाइटी का करोड़ों रुपये का सारा बिजनेस व लेनदेन कैश पेमेंट व हवाला से चलाया जा रहा था । लेकिन ईडी, सीबी आई, आयकर विभाग सहित सभी खुफियां एजेंसियों ने कोई कारवाई नहीं की । लेकिन अब इस लड़ाई को अंजाम तक पहुँचाया जायेगा, एजेंटों का पुलिस उत्पीड़न बंद कराया जायेगा । पीड़ितों को मोहरा बना राजनितिक रोटियां सेंकने वाले किसी भी छुट भइये नेता का आंदोलन में दखल बर्दाश्त नहीं होगा ।
ग्यारह सदस्यीय समिति में रामपाल मान , सुभाष सैनी, राहुल कम्बोज, विवेक रोहतक, प्रिंस,संजय,सुरेंद्र वर्मा, नरेश सैनी, पवन सैनी,रवि, प्रदीप सैनी, धर्मेंद्र सैनी को निर्वाचित किया गया।

**आंदोलन**

**सोसाइटी प्रमुख समीर अग्रवाल सहित सभी दोषियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन चलाया जायेगा**

# डीएवी स्कूल में मनाई बैसाखी व अम्बेडकर जयन्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में दयानंद सदन द्वारा बैसाखी उत्सव व भीम राव अम्बेडकर जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भव्या शर्मा का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर सबके मन को मोह लिया। कक्षा सातवीं से नौवीं के विद्यार्थियों ने भांगड़ा और गिद्दा की भव्य प्रस्तुति दी। उनके नृत्य और संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों वासुदेव और कुशाग्र ने अंग्रेजी और हिंदी में भाषण प्रस्तुत किया।



कक्षा तीसरी के विद्यार्थी अथर्व और कक्षा चौथी की पलक ने हिंदी में कविता गान किया गया।कक्षा तीसरी से दसवीं के विद्यार्थियों के मध्य पतंग निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं से 12वीं के छात्रों के मध्य बैसाखी तथा भीम राव अम्बेडकर के जीवन के विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को बैसाखी के महत्व के बारे में एवं भीम राव अम्बेडकर के जीवन तथा विचारों के बारे में बताया।

# लंगरबीर हनुमान हमेशा भक्तों की रक्षा करते हैं : किशोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हनुमान जयंती पर पर आज बालाजी को स्मरण करने के लिए लंगरबीर हनुमान की शोभा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह लंगरबीर हनुमान जी का स्वागत किया गया। सराफा बाजार में लंगरबीर हनुमान का स्वागत हरियाणा प्रदेश व्यपार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता किशोर नागपाल ने किया। लंगर बीर हनुमान का स्वरूप लिए भक्त राज किशोर नागपाल के निवास पर पहुंचे। यहां हनुमान जयंती पर केक कटवाई गई। लंगरबीर हनुमान जी ने किशोर नागवाल के परिजनों को आशीर्वाद दिया।

# मोदी के हरियाणा दौरे को लेकर पंवार ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत व खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के हरियाणा दौरे को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली परियोजना का शिलान्यास करने के लिए आ रहे हैं। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विकास के मार्ग पर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी हरियाणा में आते हैं,



बड़ी सौगात देकर जाते हैं। इस बार भी संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री प्रदेश को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे।
मंत्री ने कहा कि करनाल से इस कार्यक्रम में जो लोग भाग लेंगे, उनके कार्यक्रम में पहुंचने के संबंध में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। पुलिस अधिकारी सुरक्षा व यातायात संबंधी तैयारियों को गंभीरता से करें। जाम आदि की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में विधायक असंध योगेन्द्र राणा सहित जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर भी मौजूद रहे।
भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में लगाई ड्यूटियां-इससे पहले पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर के साथ जिले की भाजपा कोर ग्रुप की बैठक लेने पहुंचे। उन्होंने जिले में भाजपा के बनाए गए मंडलों के अनुसार वरिष्ठ नेताओं को 14 अप्रैल को यमुनानगर में आयोजित होने वाले डा. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह को लेकर ड्यूटियां सौंपी और कहा कि इस रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ता व आमजन भाग लें।

**निर्देश जारी**

**उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए**

## संपादकीय

# सांस के लिए हवा भी नही मिलेगी

**वर्तमान** में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया,लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है।

# वक्फ के आतंक और लूट से मिली गरीब मुसलमानों को मुक्ति

**मृत्युंजय दीक्षित**

> “राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि सरकार ने जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ढाई दिन तक ढोंग और नाटकबाजी करी। गांधी परिवार के बयानों के फलस्वरूप देशभर के कट्टरपंथी तत्व वक्फ विरोध के नाम पर देशभर में अराजकता फैला रहे हैं। यह तत्व प्रदर्शन के दौरान संविधान विरोधी बयानबाजी के साथ संसद भवन का घेराव करने की भी धमकी दे रहे हैं किंतु इस बार केंद्र व राज्य सरकारें पूरी तरह से सतर्क हैं। समस्या उन राज्यों में है जिनमें भाजपा विरोधी सरकारें हैं। वक्फ कानून के विरोध में सेक्युलर जिहादी गठजोड़ की ओर से देश को दंगों की आग में जलाने की तैयारी चल रही है । वक्फ कानून का जिस प्रकार विरोध हो रहा है उससे पता चलता है कि संविधन की किताब हाथ में लेकर चलने वालों को न देश के संविधानन की चिंता है”

**स्वतंत्रता** प्राप्ति के बाद संसदीय इतिहास में हुई सबसे लंबी बहस के बाद ऐतिहासिक वक्फ संशोधन विधेयक - 2025 पारित हुआ, राष्ट्रपति के हस्ताक्षर और अधिसूचना जारी होने के बाद अब यह कानून बन चुका है। कुछ लोग इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट गए हैं जहाँ केंद्र सरकार ने एक कैविएट दाखिल करते हुए कहा है कि बिना उसकी बात सुने कोर्ट कोई फैसला न सुनाए। वक्फ संशोधन कानून बन जाने के बाद भी उस पर पक्ष और विपक्ष की राजनीति का दौर जारी है। संसद में बहस व संसदीय गणित में हार जाने के बाद मुस्लिम तुष्टिकरण में संलिप्त ऐसे -ऐसे संगठन याचिकाएं लेकर जा रहे हैं जो राष्ट्रद्रोह के अंतर्गत प्रतिबंधित हैं या उनके खिलाफ राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के तहत मुकदमे चल रहे हैं। यह समाचार पुष्ट होने के साथ ही कि सरकार संसद के बजट सत्र में ही वक्फ विधेयक पारित कराने जा रही है इन संगठनों ने काली पट्टी बांधने जैसे प्रदर्शन आरम्भ कर दिए थे। अब कानून पारित हो जाने के बाद ये सड़कों पर अराजकता और हिंसक प्रदर्शन पर उतर आए हैं ।बंगाल के मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठनों के प्रदर्शन के दौरान व्यापक हिंसा फैल गई। सूत्रों की मानें तो हिंसा फैलाने में बंगाल की सत्ताधारी पार्टी के कार्यकताओं का ही हाथ रहा है। वहां आयोजित विरोध प्रदर्शन में प्रधानमंत्री मोदी विरोधी ही नहीं अपितु संविधान विरोधी नारे भी लगाये जा रहे थे। संसद द्वारा पारित कानून के विरोध में जम्मू कश्मीर विधानसभा में भी भरपूर हंगामा देखने को मिल रहा है जो पूरी तरह से औचित्यहीन और संविधान विरोधी कृत्य है। यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि संसद द्वारा पारित विधेयक के विरोध में किसी राज्य की विधानसभा में केवल मुस्लिम तुष्टीकरण को और अधिक पुष्ट करने के लिए हंगामा हुआ हो। तमिलनाडु विधानसभा भी संविधान के दायरे से बाहर जाकर वक्फ कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर चुकी है। विधेयक के पक्ष व विपक्ष में सभी प्रकार के संगठनों ने अपना कैलेंडर घोषित कर दिया है। अब इस कानून का चाहे जितना विरोध हो यह सुनिश्चित हो गया है कि संसद से पारित यह कानून लागू होगा और सभी नागरिकों पर बाध्यकारी होगा। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने




जनता के मध्य अपने विचार रखने के लिए कमर कस ली है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का समवैचारिक संगठन राष्ट्रीय मुस्लिम मंच मुसलमानों के मध्य में जाकर संगोष्ठियां करने जा रहा है। जिनमें बताया जायेगा कि नया वक्फ कानून किस प्रकार गरीब मुसलमनों के हक में है। सदन में बहस के दौरान सांसदों ने वक्फ व उससे संबंधित राजनीति को बेनकाब करते हुए बहस की थी, वहीं विपक्ष ने इसे संविधान विरोधी संशोधन बताया था। कट्टरपंथी मौलानाओं सहित तमाम मुस्लिम संगठन व विरोधी दल अभी भी लगातार जहर उगल रहे हें जबकि वास्तविकता यह है कि इस विधेयक के कानून बन जाने से अब देशभर में वक्फ के नाम पर संपत्ति लूटने व कब्जाने का जो आतंक चल रहा था वह समाप्त हो जाने की संभावना बलवती हो गई है। साथ ही वक्फ के नाम पर जितने भी घोटाले व उनकी आड़ में जो अनैतिक कृत्य चल रहे थे उनका आतंक भी समाप्त हो जायेगा। संसद के दोनो सदनों में वक्फ कानून पर बहस के दौरान गांधी परिवार ने मौन साध लिया था लेकिन अब वह लोग मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए कट्टरपंथी मौलानाओं को भड़काने के लिए अनर्गल प्रलाप कर रहे है।

राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि सरकार ने जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ढाई दिन तक ढोंग और नाटकबाजी करी। गांधी परिवार के बयानों के फलस्वरूप देशभर के कट्टरपंथी तत्व वक्फ विरोध के नाम पर देशभर में अराजकता फैला रहे हैं। यह तत्व प्रदर्शन के दौरान संविधान विरोधी बयानबाजी के साथ संसद भवन का घेराव करने की भी धमकी दे रहे हैं किंतु इस बार केंद्र व राज्य सरकारें पूरी तरह से सतर्क हैं। समस्या उन राज्यों में है जिनमें भाजपा विरोधी सरकारें हैं। वक्फ कानून के विरोध में सेक्युलर जिहादी गठजोड़ की ओर से देश को दंगों की आग में जलाने की तैयारी चल रही है । वक्फ कानून का जिस प्रकार विरोध हो रहा है उससे पता चलता है कि संविधन की किताब हाथ में लेकर चलने वालों को न देश के संविधानन की चिंता है और न ही न्यायपालिका के सम्मान की। वक्फ बोर्ड के नाम पर चल रहे जमीन माफिया और मुस्लिम वोटों पर अपना एकाधिकार मानने वाले सेक्युलर माफिया को केवल अपने निहित स्वार्थ की चिंता है ।वह केवल इसलिए घबराकर वक्फ कानून का विरोध कर रहे हैं कि कहीं गरीब मुसलमानों का वोट भारतीय जनता पार्टी की ओर न मुड़ जाए। इस विधेयक के पारित होते समय देश के गरीब मुसलमानों ने भी जश्न मनाया था। यह कानून देश की राजनीति में व्यापक बदलाव लाने वाला कानून हो सकता है । यह नया कानून सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता, और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने वाला है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभदायक है जो लंबे समय से हाशिये पर हैं।

दशकों से चली आ रही वक्फ व्यवस्था में जो गरीब और पसमांदा मुसलमान हितों से वंचित थे अब उनको लाभ मिलने जा रहा है। वक्फ कानून का पसमांदा,वोहरा व अहमदिया आदि ने समर्थन किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि वक्फ संशोधन कानून, वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर साबित होगा। योगी ने वक्फ बोर्ड को सबसे बड़ा भू -माफिया बोर्ड बताते हुए घोषणा की है कि अब वक्फ की जमीन के नाम पर माफियागिरी नहीं चलने चाली है । वक्फ के नाम पर इतना आतंक मचा हुआ था कि महाकुंभ की पवित्र भूमि को भी इन लोगों ने वक्फ की जमीन बता दिया था।वक्फ के नाम पर इतना अधिक आतंक मचा दिया था कि संसद भवन की जमीन तक को वक्फ की जमीन बताने लग गये थे।वक्फ के नाम पर हजारों गैर मुस्लिम संपत्तियों को वक्फ की बता दिया गया। वक्फ के नाम पर सबसे अधिक आतंक दक्षिण भारत में मचाया गया क्यांकि वहां कांग्रेस व इंडी गठबंधन की सरकारों का संरक्षण रहा। अभी तक यह लोग जहां की जमीन पर अपना दावा ठोक देते थे वह जमीन उनकी हो जाती थी और उसे किसी प्रकार से भी किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी किंतु अब दी जा सकेगी। वक्फ कानून में जो सुधार किये गये हैं वह गरीब मुसलमानों के पक्ष में किये गये हैं। वक्फ की 8.72 लाख संपत्तियां अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पा रही थीं क्योंकि उन पर चंद लोगों का कब्जा था। दूसरी तरफ वक्फ का आतंक इतना अधिक हो गया था कि केरल के ईसाई संगठन भी बहुत परेशान हो गए थे यह कानून उन्हें भी संरक्षण प्रदान कर रहा है और यही कारण है कि ईसाई समाज के संगठनों ने नये वक्फ संशोधन का समर्थन किया है।

आज जो लोग वक्फ कानून का विरोध कर रहे है वे सभी संविधान विरोधी व छद्म मुस्लिम हितैषी हैं। ये लोग अराजकता फैला कर विदेशों में भारत की छवि मुस्लिम विरोधी दिखाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। सच तो यह है कि यह भविष्य की नींव मजबूत करने वाला संशोधन है इससे अब वह हर मुसलमान लाभान्वित होगा जो अभी तक विकास से अछूता रहा है।

## कविता

### सत्ता, शहादत और सवाल

क्यों जलियाँ की चीख सुन, सत्ता है अब मौन?
लाशों से ना सीख ली, अब समझाये कौन॥

डायर केवल नाम था, सोच भरी है आज।
वर्दी बदली, मन वही, वही लहू की लाज॥

सत्य कहे "गद्दार" हो, चुप रहकर हो "भक्त"।
लोकतंत्र है या यहाँ, जंजीरों का वक्त॥

लूटते भला किसान हो, या छात्र अनुद्रोह।
हर विरोध के माथ पर, लिखा अब देशद्रोह।।

प्रश्न पूछना पाप है, सच कहना अपराध।
सत्ता के इस महल में, नंगे है सब साध॥

वीरों का सम्मान हो, नहीं दिखावा खेल।
बाग वही है, चीख भी, सुन अगर हो मेल॥

मौन साध ले मीडिया, न्याय तजे अब रीत।
तब समझो फिर लौटकर, डायर की है जीत॥

डायर की अब वर्दियाँ, रहीं चमक कर नोच।
जनमत आज कुचल रही, फिर भीतर की सोच॥

वैसा ही मन निर्दयी, पहन वोट का ताज।
फर्क बचा तब क्या यहाँ, ज्यों ब्रिटिश का राज।।

चलती अब भी गोलियाँ, हुई रफ़्तार मन्द।
कभी बैन यूट्यूब है, कभी पत्रकार है बंद॥

लोकतंत्र का ताज है, जनता की आवाज।

-डॉ सत्यवान

# सरकारी कुर्सी की महिमा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

सरकारी दफ्तर के गलियारे में घुसते ही एक अजीब सुगंध आती है–कुछ पुरानी फाइलों की, कुछ पान-गुटखे से रची-बसी दीवारों की, और बाकी बची खुची अफसरों की गरिमा की। एक कुर्सी है वहाँ, पुरानी लकड़ी की, मगर शान ऐसी कि जैसे सिंहासन हो। जिस दिन वह कुर्सी खाली होती है, उस दिन चपरासी से लेकर बाबू तक मन ही मन गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण कर लेते हैं–कहीं न कहीं तो भ्रष्टाचार की आत्मा इस पर बैठी ही होगी। कुर्सी पर बैठने वाले बाबू की रगों में सरकारी घमंड खून से भी तेज दौड़ता है। कोई काम जल्दी हो जाए, तो उनकी सेहत पर असर पड़ता है। सिस्टम का हिस्सा बनिए, सरङ्ग फाइल का वजन बढ़ाइए, तब कुछ होगा !ह्व वह अपने अधीनस्थों को समझाते हैं, जैसे गीता का ज्ञान बाँट रहे हों। सरकारी सिस्टम की रफ्तार इतनी सुस्त होती है कि कछुआ भी शर्मा जाए। हमारी फाइलें कुम्भकरण होती हैं, छह महीने से पहले नहीं जागतीं, यह लाइन दफ्तर में अमर है। किसी भी फाइल को आगे बढ़ाने के लिए एक प्राचीन कला अपनाई जाती है–"सत्य, अहिंसा और रिश्वत" का अद्भुत संगम। जो रिश्वत नहीं देता, उसकी फाइल ऐसी कोठरी में फेंक दी जाती है, जहाँ से वापस आने में कागज भी इंकार कर देता है। एक दिन एक सज्जन ईमानदारी से काम करवाने आए। बाबू जी ने उन्हें ऐसे देखा जैसे गब्बर ने सांभा को देखा था–बहुत ईमानदार बनते हो? सरकारी दफ्तर में इमानदारी वही दिखाता है, जिसे अपना काम नहीं करवाना! दफ्तर में आने वाला हर आदमी इंतजार की मूर्ति बन जाता है। एक साहब खड़े-खड़े इतने पुरानी मुद्रा में चले गए कि पास खड़े आदमी ने कहा, ह्लआपको देखकर तो ऐसा लगता है कि अजंता-एलोरा की गुफाओं से आए हैं।ह्व उधर बाबू जी के हाथ में फाइल आई नहीं कि वो ऐसा भाव लाते हैं जैसे उनके सिर पर देश का भार आ गया हो। "इतनी जल्दी क्या है? सरकार पाँच साल में बनती है, फाइल तो फिर भी साल-दो साल में निपट जाएगी!" अक्सर दफ्तरों में ऐसी कुर्सी भी होती है, जो खाली ही रहती है। पूछो तो जवाब मिलेगा, साहब मीटिंग में हैं।ह्व अब साहब की मीटिंग क्या है, यह किसी को नहीं पता। कभी-कभी तो मीटिंगें ऐसी होती हैं कि चाय की चुस्कियों और समोसों का ही खर्चा फाइल से ज्यादा निकल आता है। और अगर कोई पूछने की हिम्मत कर भी ले, तो साहब एक ऐतिहासिक डायलॉग मारते हैं, सरकारी आदमी से सवाल पूछना उसी की तौहीन है! और सबसे मजेदार तो तब होता है, जब कोई फाइल खो जाती है। बाबू लोग ऐसी शक्ल बना लेते हैं, जैसे उनकी खुद की आत्मा भटक रही हो। "फाइल खो गई? अरे भाई, फाइल कोई बच्चा थोड़ी है जो गुम हो जाएगी!" फिर फाइल तलाश करने का एक राष्ट्रीय आयोजन होता है–चाय, गपशप और बहानों का दौर। और जब फाइल मिलती है, तो बाबू ऐसे गर्व से चमकते हैं। जैसे ओलंपिक गोल्ड जीत लिया हो।

## विचार

# मुद्दा गर्म है: मिठास में कड़वाहट घोलने का सबब

**डॉ घनश्याम बादल**

**बाबा** रामदेव एक बार फिर चर्चा में हैं । वैसे वे ऐसे बाबा हैं जिन्हें चर्चा में रहने के ह्यफनह्न में उस्तादी हासिल है । कभी साइकिल के करियर पर लकड़ी की संदूकची रखकर चूरण और दवाइयां बेचने वाला हरियाणा का दुबला पतला यदुवंशी दाढ़ीधारी रामदेव नाम का साधु जैसा व्यक्ति किस तरह देखते ही देखते पतंजलि योगपीठ स्थापित करके अरबों रुपए के संस्थान का सर्वेसर्वा हो गया यह इस देश ने देखा है ।

पूरे देश में अपनी लच्छेदार बातों और घने काले बालों के साथ योग प्रदर्शन करने वाले रामदेव ने बेशक योग को घर-घर पहुंचाने का काम किया है । शुरूआती दौर में उनके साथी रहे कर्मवीर आज भी हरियाणा में योग सिखा रहे हैं लेकिन न चर्चा में हैं और न ही उन्होंने कोई बड़ा औद्योगिक संस्थान खड़ा किया है बस उनका काम धंधा चल रहा है जबकि रामदेव का साथ निभा रहे आचार्य बालकृष्ण कभी नेपाली मूल के होने एवं भारत में अवैध प्रवास करने के आरोपी होने के बाद भी मजबूती के साथ उनके साथ खड़े हैं। बाबा रामदेव ने कुशल प्रबंधन, चतुराई भरा प्रचार, अपने उत्पादों में घोली गई राष्ट्रवाद की चाशनी, केंद्र एवं प्रदेश सरकारों के साथ गजब का संयोजन एवं समायोजन अपनाते हुए पतंजलि योगपीठ को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है । हालांकि बीच में उन्होंने कांग्रेस सरकार को आंखें भी दिखाने की कोशिश की लेकिन कपिल सिब्बल के कठोर रुख के चलते उन्हें सलवार पहन कर भागना भी पड़ा था। लालू यादव एवं वृंदा करात भी एक समय उनके पीछे पड़े और उनके सबसे प्रसिद्ध उत्पादों में से एक दंतकांति टूथपेस्ट जिसे वह आज विज्ञापनों में ह्यटूथपेस्टह्न कह रहे हैं में हड्डियों का चूरा होने के आरोप भी उन पर लगे हैं तो साथ ही साथ पतंजलि के शहद के भी गुणवत्ता के मानकों पर घटिया होने के चर्चे भी बाजार में आए लेकिन यह बाबा का चतुर प्रबंधन ही रहा कि उन पर न कोई आंच आई और न ही उनके उत्पादों पर।

आज बाबा रामदेव केवल योग के सहारे नहीं है बल्कि वह एक मल्टीपरपज उत्पाद संस्थान की प्रतिमूर्ति के रूप में डटकर खड़े हैं । जिनमें आयुर्वेदिक दवाइयां, कॉस्मेटिक क्रीम, पाउडर, शक्ति वर्धक औषधीयां, खाद्य पदार्थ, शीतल पेय, कपड़े, मसाले और भी न जाने कितने ही उत्पाद उन्होंने पतंजलि के माध्यम से दिए हैं। साबुन, सर्फ, टॉयलेट क्लीनर, बर्तन साफ करने वाले उत्पाद, साबुन तेल फुलेल आदि क्या नहीं शामिल है यानी बाबा ने जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा न छोड़ने का संकल्प लिया है जिसमें पतंजलि के उत्पादन न खप सकें। भले ही बाबा रामदेव की शिक्षा दीक्षा कैसी भी रही हो लेकिन उनकी व्यापारिक समझ देश की बड़ी से बड़ी कंपनी के एम बी ए या सी ई ओ पदधारक पढ़े लिखे लोगों को आईना दिखाने वाली है और उन्होंने सिद्ध किया है कि लग्न ,संकल्प एवं जुनून के साथ यदि योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जाए तो फिर सफलता कदम चूमती ही है ।

बेशक, आज बाबा एक बहुत सफल योगाचार्य ही नहीं अपितु व्यापारी, प्रबंधक एवं सफल सीईओ बनकर सामने हैं । बाबा रामदेव अच्छी तरह से जानते हैं कि अपना एवं अपने उत्पादों का प्रचार - प्रसार कैसे किया जाए। चाहे सोशल मीडिया, टेलीविजन, अखबार, पत्रिकाएं एवं दूसरे मंचों से विज्ञापन देने हों या फिर कोई विवाद खड़ा करके चर्चा पानी हो रामदेव हर तरह की रणनीति से अच्छी तरह न केवल वाकि फ हैं अपितु उसका उपयोग करना भी जानते हैं और अपने इन सब आजमाए हुए तरीकों की बदौलत वे एक बड़ी हस्ती बन चुके हैं । मगर अति महत्वाकांक्षा के चलते हुए कई बार खुद को अनावश्यक रूप से विवादास्पद भी बनाते रहे हैं एवं अपने लिए ही संकट भी खड़ा कर लेते हैं या फिर यूं कहिए कि यह भी उनके रणनीति है और वह आपदा पैदा करके उसे अवसर में तब्दील करने की कला अच्छी तरह से जानते हैं। इन दिनों बाबा शरबत जेहाद के अपने बयान के चलते सुर्खियों में हैं । हालांकि उन्होंने किसी उत्पाद का या उत्पादक का नाम नहीं लिया लेकिन इशारों ही इशारों में देश भर में सबसे ज्यादा एवं सबसे लोकप्रिय शरबत पर प्रहार कर दिया है। अब यह तो सब जानते हैं कि वह कौन सा शरबत है जिसका उत्पादन मुस्लिम उद्योगपति करते हैं एवं दूसरे कई बड़े औद्योगिक घरानों के उत्पादों के बावजूद यह उत्पाद आज भी सबसे ऊपर नजर आता है और उसके प्रयोग करने वाले मानते हैं कि उसके पीने से रूह अफजा होती है ।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राष्ट्रीय पुनरुत्थान की प्रेरणा देने वाला पर्व-

**सुभाष**

**भारतवर्ष** मेलों और त्यौहारों का देश है। इनमें से कुछ का सम्बन्ध धर्म के साथ है तो कुछ का इतिहास के साथ और कुछ का सम्बन्ध मौसम के साथ है। पंजाब में उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला जोशीला पर्व वैशाखी मूलतः एक मौसमी पर्व है। किसानों द्वारा अपने खून पसीने से तैयार की गई फसल के घर आने की खुशी से उत्साह और उमंग से यह पर्व मनाया जाता है। यह त्यौहार वीर और स्वाभिमानी पंजाबियों की भावना का भी प्रतीक है। सिखों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी जिसके कारण इस त्यौहार की महानता और गरिमा और बढ़ जाती है।

यह त्यौहार भारत के स्वतत्रता संग्राम से भी जुड़ा हुआ है। इसी दिन 1919 में जालियांवाला बाग में आजादी के दीवानों पर अंग्रेजी सरकार ने प्रहार किया था। गुरु गोविन्द सिंह जी के समय में देश की सामाजिक और राजनीतिक दशा इतनी भयानक थी कि लोगों का मनोबल पूर्ण रूप से गिर चुका था। वह विदेशी लुटेरों से अपनी बहू-बेटियों की इज्जत की रक्षा करने तक में समर्थ नहीं थे। हिन्दू बालाएं और बहू-बेटियां टके-टके के भाव से मण्डी में बेची-खरीदी जाती थी। हिन्दू बहू, बेटियों की इज्जत सरेआम लूटी जाती थी। गुरु जी से यह दशा देखी न गई और उन्होंने निश्चय किया कि समाज में परिवर्तन लाया जाए। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए गुरुजी ने वैशाखी के दिन देश-विदेश में बसे अपने अनुयाइयों को आनन्दपुर साहिब पहुंचने का आदेश दिया। इतिहासकारों के अनुसार वहां 80 हजार से भी ज्यादा लोग पहुंचे। कीर्तन शुरू हुआ। कीर्तन के समाप्त होने पर गुरु जी ने नंगी तलवार लिए पूरे जोश से लोगों को सम्बोधित किया। प्यारी साध-संगत इस समय मानवता को बचाने के लिए सभी शांतिपूर्ण रास्ते बंद हो चुके है। मानवता को बचाने के लिए मुझे कुछ कुर्बानियों की जरुरत है। जिससे मनुष्यता की रक्षा हो सके और मानव जीवन सुरक्षित रह सके।

ज्यों ही गुरु जी ने शीश मांगे, त्यों ही लाहौर निवासी भाई दयाराम, जो जाति के क्षत्रिय थे, मंच पर शीश देने आए। गुरु जी उसे एक तंबू में ले गए कुछ समय पश्चात रक्त रंजित तलवार लेकर मंच पर लौट आए।

# बैसाखी के दिन का उत्सव कृषि, समाज व धर्म के

**किशन सनमुखदास**

**वैश्विक** स्तरपर भारत सर्वधर्म समभाव का सटीक प्रतीक माना जाता है, क्योंकि यहां हर धर्म के त्योहारों का आनंद सब मिलकर लेते हैं, जो विदेशी सैलानी भी लेने आते हैं, व पूर्ण रूप से प्रभावित व संतुष्ट होकर जाते हैं। अभी हमने कुछ दोनों पूर्व ही महाकुंभ उत्सव चेट्रीचंड्र, ईद, रामनवमी का उत्साह देखे हैं जो अलग-अलग जाति धर्म समाजों के त्यौहार है, परंतु हमने देखे कि इन्हें सभी ने मिलकर मनाया, जो हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, इसी कड़ी में 13 अप्रैल 2025 को एक और अध्याय जुड़ गया है, क्योंकि इसदिन पूरा भारत विशेष रूप से पंजाब हरियाणा उत्तरप्रदेश उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर सहित अनेको राज्यों में मनाया जा रहाहै।हमारी राईसिटी गोंदिया में भी बड़े धूमधाम से,बैसाखी पर्व कोमनाया जाता है, इस दिन मैं स्वयं भी गुरुद्वारे जाकर दर्शन लाभ उठाता हूं, अमृत वेले प्रभातीवेले से ही प्रभात फेरी सहित अनेकों कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं, जहां भक्तों के भाव देखकर मैं भी भावभोर हो जाता हूं।

हालांकि यह विशेष रूप से सिख समाज व किसानों के ही त्यौहार है, परंतु इसे मनाता सारा मानव समाज है। चूँकि बैसाखी उत्सव, समाज और धर्म के संगम का प्रतीक है, इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बैसाखी पर्व 13 अप्रैल 2025, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है, खालसा पंथ की स्थापना व नई फसल कटाई की शुरूआत का प्रतीक है तथा बैसाखी के दिन गुरुद्वारोंमें विशेषपूजाअर्चना,अरदास,भजनकीर्तन व प्रभात फेरी कणाह प्रसाद है का अत्यधिक विशेष महत्व है। साथियों बात अगर हम भारत में बैसाखी पर्व मनाए जाने की करें तो, बैसाखी के पर्व को वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है।बैसाखी का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ करीब करीब पूरे भारत में मनाया जाता है। हर साल बैसाखी 13 या 14 अप्रैल को ही मनाया जाता है, हर वर्ष बैसाखी के दिन सूर्य मेष राशि में करते हैं। बैसाखी के त्योहार से पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रों में फसलों की कटाई शुरू हो जाती है। बैसाखी के पर्व को वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है।

न्यूज फ्लैश

## टीचर डायरी आनलाइन लिखने का तुगलकी फरमान वापिस ले शिक्षा विभाग: सतपाल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** राज्य निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा ने आठ अप्रैल को पत्र जारी कर प्रदेश के सभी शिक्षकों को 9 अप्रैल से अध्यापक डेली डायरी को आनलाइन अपलोड करने का जो तुगलकी फरमान जारी किया उस पर पुन: विचार करना चाहिए विभाग ने पहले से ही अध्यापकों के ऊपर फैमिली आई डी का कार्य, निर्वाचन आयोग की तरफ से बूथ लेवल अधिकारी का कार्य, मिड डे मील, प्रौढ़ शिक्षा के अंतर्गत उल्लास का कार्य, आयु वैरीफिकेशन व आयु वेरीफिकेशन के कार्य और भी ना जाने कितने कार्य थोप रखे हैं उपरोक्त बेवजह के कार्य करवाकर राजकीय स्कूलों को बंद करने का षड्यंत्र सरकार द्वारा रचा जा रहा है सत्र शुरू होते ही अध्यापक डायरी आनलाइन संभव ही नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने के कारण अध्यापक बच्चों को पढ़ाने की बजाय आन लाइन के कार्य पर ही बैठा रहेगा सरकार का तुगलकी फरमान अव्यवहारिक व समय की बर्बादी के अलावा और कुछ नहीं है हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ खण्ड प्रधान मास्टर सतपाल सीकरी ने कहा की अगर सरकार ने यह तुगलकी फरमान वापिस नहीं लिया तो शिक्षक समाज को मजबूर होकर सड़कों पर उतरना पड़ेगा

## गुरुकुल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का शानदार आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




**कुरुक्षेत्र:** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में ह्यएनुअल स्पोर्ट्स मीट-2025ह्व का शानदार आयोजन किया गया जिसमें सभी कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डायरेक्टर ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने अलग-अलग इवेंट में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए सभी छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया, साथ ही उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए मुख्य संरक्षक संजीव आर्य , डीपीई देवीदयाल, रवि चौहान, एनडीए ब्लॉक से विशेष सहयोग देने वाले सूबेदार बलवान सिंह और पूरी एन.डी.ए. टीम को विशेष बधाई दी। छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन और टीम भावना आती है जिसका हमारे जीवन में विशेष महत्व है। जीवन में हमेशा अनुशासन और अभ्यास को लगातार बनाए रखना चाहिए। यदि एक बार आप किसी कार्य को करने में असफल भी हो जाओ तो पुन: दोगुने परिश्रम से प्रयास करो, सफलता आपको अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी सफलता छोटी नहीं होती और कोई भी असफलता बड़ी नहीं होती, हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए निरन्तर अभ्यास करें। अन्त में उन्होंने सभी छात्रों को बधाई दी और ग्राउंड पर खूब पसीना बहाने के लिए प्रेरित किया।

## चाकू से हमला करके जानलेवा चोट मारने का आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने चाकू से हमला करके जानलेवा चोट मारने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कृष्णा गेट के अंतर्गत सुभाष मंडी चौकी पुलिस टीम ने चाकू से हमला करके जानलेवा चोट मारने के आरोप में मनीष शर्मा वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 अप्रैल को पुलिस को दी अपनी शिकायत में रितिन कुमार वासी जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह गर्म जूस रेलवे रोड पर काम करता है। दिनांक 2 अप्रैल 2025 को समय करीब 7 बजे शाम को वह दुकान के आगे ग्राहकों को आवाज मार रहा था। उसी समय उनके पड़ोसी के रेट को लेकर उसकी और किशन लाल की आपस में बहस हो गई। उसी समय सिंगला जूस का मालिक नितिन सिंगला व ऋषभ सिंगला, मोहनलाल सिंगला, सोनू व एक अन्य व्यक्ति दुकान से नीचे आए उसके साथ धक्का-मुक्की व हाथापाई करने लगे।

# जीयू के विभिन्न विभागों के 60 टॉपर छात्रों को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिया आशीर्वाद

टीम एक्शन इंडिया



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) केंद्रीय** मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा की शिक्षा हमे संस्कार प्रदान करता है। हमे शिक्षा ग्रहण कर देश की उन्नति व प्रगति में भूमिका निभानी चाहिए। हमे ऐसे काम करने चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी आपको आपके कामों से याद रखे। उन्होंने जीयू के सभी छात्रों को यूनिवर्सिटी के टॉपर छात्रों से प्रेरणा लेकर सफलता के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर गीता यूनिवर्सिटी में आयोजित टॉपर सेरेमनी में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार, जीयू के चांसलर एसपी बंसल व गीता बंसल ने विभिन्न विभागों के 60 टॉपर छात्रों को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व उन्होंने नौल्था की ग्राम पंचायत व ग्रामीणों से संवाद किया। जीयू में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा की शिक्षा ग्रहण करने के साथ जीवन में अच्छे संस्कार भी धारण करने चाहिए। छात्र जीवन व युवा अवस्था सिखने की उम्र है। खुद को टेक्निकल रूप से मजबूत बनाना चाहिए। देश व समाज के लिए अच्छे काम करें। जब आपको आने वाली पीढ़ी नहीं जानेगी तो आपका जीवन व्यर्थ है। हमे समाज व देश के लिए ऐसे कर्म करने चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी आपको आपके काम की बदौलत याद करें। इस दौरान चांसलर एसपी बंसल ने छात्रों को कहा की जीवन कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। हमारा मकसद छात्रों को पढ़ा लिखकर अच्छा नागरिक बनाना है। अगर आप में इंसानियत नहीं है तो आप सफल होकर भी सफल नहीं हैं। हमे देश के युवाओं को अपने देश में पढ़ने- पढ़ाने की कमाने के अवसर देने होंगे। तभी छात्रों व युवाओं का देश से बाहर पलायन रुक सकता है।

**विभिन्न विभागों के 60 टॉपर छात्रों को**

**मार्गदर्शन**

शिक्षा हमे संस्कार प्रदान करती है। हमे शिक्षा ग्रहण कर देश की उन्नति व प्रगति में भूमिका निभानी चाहिए: मनोहर लाल

**किया सम्मानित**

कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग, कंप्यूटर एप्लिकेशन, बिजनेस प्रबंधन, पोषण और आहार विज्ञान, एग्रीकल्चर स्टडीज, लॉ, फार्मेसी, मैनेजमेंट, फोरेंसिक साइंस, कला और वाणिज्य व पीएचडी के 60 टॉपर व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। इस मोके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार, दुष्यंत भट्ट, गजेंद्र सलूजा, प्रो चांसलर निशांत बंसल, अंकुश बंसल, नेहा बंसल, कुलपति डा विकास सिंह, पीवीसी डा कुलदीप सिंह डा कुलशन चौहान व रजिस्ट्रार अशोक अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

## यूपीएससी की एनडीए फाइनल लिस्ट में गुरुकुल के आर्यन ने हासिल किया 8वाँ रैंक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र आर्यन देशवाल ने गुरुकुल के नाम एक और उपलब्धि करते हुए गुरुकुल के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है। यूपीएससी द्वारा एनडीए-154 की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की गई जिसमें आर्यन देशवाल का आल इंडिया में 8वाँ रैंक आया है। इस उपलब्धि पर गुरुकुल परिसर में उत्साह का माहौल है। डायरेक्टर ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी के ओजस्वी मार्गदर्शन में गुरुकुल कुरुक्षेत्र सफलता के नये आयाम छू रहा है। यहां के छात्र विशेष तौर पर एनडीए में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, पिछले वर्ष से अब तक 41 छात्रों का चयन एनडीए में हुआ है, यह भी गुरुकुल के लिए बड़ी उपलब्धि है और अब आर्यन देशवाल का पूरे देश में आठवां रैंक आना, पूरे गुरुकुल परिवार के लिए यह गौरवशाली क्षण है।

## नीतीश ने किया पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** विधानसभा में आयोजित सामाजिक संस्था राजधानी युवा संसद द्वारा हरियाणा युवा संवाद का आयोजन किया गया। आयोजन में पूरे हरियाणा के युवाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व आर्य कॉलेज के छात्र नीतीश कुमार ने किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने छात्र नीतीश का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं डॉ. गुप्ता ने इस शानदार अवसर पर डॉ. मनीषा डुडेजा, प्राध्यापिका आस्था गुप्ता, रजनी शर्मा, प्रो. सोनू ढूल को भी बधाई दी। डॉ. जगदीश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के लिए पूरे हरियाणा प्रदेश में से 60 प्रतिभागियों का चयन किया गया।

# अनूप चौधरी को अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/संजीव कौशिक



"सत्यं वद, धर्म चर" – सत्य बोलो, धर्म का पालन करो। पत्रकारिता में सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता के इसी मूल मंत्र को अपने जीवन का आधार बनाने वाले वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी का 25 मार्च 2025 को दुखद निधन हो गया। दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में उनकी स्मृति में राष्ट्रीय एवं दिल्ली इकाई द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हरियाणा और दिल्ली के अनेक वरिष्ठ एवं युवा मीडियाकर्मियों ने अश्रुपूरित नेत्रों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संवेदनात्मक संदेश मुख्यमंत्री मीडिया सलाहकार राजीव जेटली एवं मुकेश वशिष्ठ द्वारा सभा में प्रस्तुत किया गया। श्री जेटली ने बताया कि मुख्यमंत्री ने न केवल अपनी गहन संवेदना व्यक्त की है, बल्कि पत्रकारों को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया है। श्रद्धांजलि सभा के आयोजन में हखक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सक्सेना की विशेष भूमिका रही। सभा का संचालन कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर बीएमएस के दीपेंद्र चाहर, सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी डॉ. महिपाल सिंह, हखक के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय कुमार मन्ना, तथा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा व महासचिव देवेंद्र तोमर हरियाणा से राष्ट्रीय सचिव विकास सुखीजा, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं दिल्ली से लक्ष्मण इंदौरिया सहित कई गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। स्व. अनूप चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रानी चौधरी एवं उनकी पुत्री शिवानी ने भी सभा में उनके व्यक्तित्व, सिद्धांतों एवं पारिवारिक मूल्यों को साझा करते हुए भावनात्मक स्मृतियाँ प्रस्तुत कीं। परिवार के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा के अंत में राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी ने घोषणा की कि हखक अगला पत्रकारिता पुरस्कार समारोह स्व. अनूप चौधरी की स्मृति में आयोजित करेगा।

**विदाई दी**

मुख्यमंत्री मीडिया सलाहकार राजीव जेटली एवं मुकेश वशिष्ठ द्वारा सभा में प्रस्तुत किया गया

## फोटो पर क्लिक करने पर भी हो सकता है बैंक अकाउंट खाली,



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने आमजन को साइबर अपराधों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी को आसान बना रही है, लेकिन साइबर अपराधी इसी टेक्नोलॉजी का फायदा उठाकर अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। अब सिर्फ फर्जी कॉल या ईमेल ही नहीं बल्कि एक साधारण फोटो भी आपके मोबाईल और बैंक अकाउंट को हैक कर अकाउंट को खाली कर सकती है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर ठगों ने अब एडवांस टेक्नालॉजी का फायदा उठाते हुए ठगी का नया पैंतरा ईजाद किया है। उन्होंने कहा कि साइबर ठग अब लिंक नहीं फोटो भेजकर व्हाट्सएप कॉल करते हैं और उनके द्वारा व्हाट्सएप पर भेजी गई फोटो को पहचान के लिए कहते हैं। जैसे ही कोई उस फोटो या लिंक पर क्लिक करता है उसके फोन में एक वायरस या हैकिंग एप इंस्टॉल हो जाता है क्योंकि फोटो में खतरनाक मैलिशियस लिंक छिपा होता है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि टेक्नोलॉजी की भाषा में इसे ट्रोजन हॉर्स अटैक या रिमोट एक्सेस ट्रोजन स्कैम भी कहा जा सकता है।

# एक दिवसीय पुरुष एवं महिला एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



एल एन टी कालेज मच्छरोली मे एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस कार्यक्रम में हरियाणा और विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरपाल ढाड़ा , (पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी प्रो. कुलदीप नारा चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, जींद के फिजिकल एजुकेशन विभाग के अध्यक्ष राजकुमार मिठान एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रदीप मलिक एथलेटिक एसोसिएशन हरियाणा के सचिव एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव सुशील गुप्ता तथा मीनाक्षी गुप्ता एलएनटी कॉलिज की अध्यक्ष एवं गीता परिवार उत्तर भारत की प्रमुख ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल व पुरस्कार राशि के रूप में प्रथम पुरस्कार 11000, द्वितीय पुरस्कार 5100, तृतीय पुरस्कार 3100 और चौथा पुरस्कार 1100 प्रदान किया । प्राचार्य डॉ. लोकेश कुमार शर्मा ने छात्रों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने कॉलेज में संचालित हो रहे डी.पी.एड, बी.पी.एड, बी.एस.सी (स्पोर्ट्स), बी.पी.ईएस जैसे खेल-संबंधित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी, जो छात्रों को खेल जगत में करियर बनाने के अवसर प्रदान करते हैं। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में एथलेटिक कोच महिपाल गॉड, हरपाल मलिक, धर्मेंद्र, सुशील मेहराणा, सुखदेव, सुरेंद्र तथा अंतरराष्ट्रीय मंच संचालक तिलकराज का विशेष योगदान रहा। इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रदीप कुमार एवं कॉलेज के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक स्टाफ ने मिलकर इस आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर लोकेश कुमार शर्मा, प्रोफेसर डॉ राजेश भारद्वाज, डॉक्टर दर्शन धीमान, डॉक्टर बलजीत सिंह, प्रदीप सिंह, वरुण तिवारी, सत्यनारायण, गोविंद चौधरी, कमल शर्मा, सोनिया बंसल, कुमारी मीनाक्षी सभी मौजूद रहे

# लिटल कैम्पस इंटरनैशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** लिटल कैम्पस इंटरनैशनल स्कूल नरकातारी रोड में बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संचालन सोनिया मैडम ने किए। उन्होंने बच्चों को बैसाखी पर्व व इसके शुभ आगमन की महत्ता को समझाया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य व भांगड़ा के माध्यम से इस पर्व के आगमन पर दर्शकों में उमंग और सकारात्मक उर्जा का संचार किया। भाषण के माध्यम से बैसाखी पर्व का महत्व बताया। बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों को बैसाखी की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल सोनिया ने पर्व की महत्वता के साथ-साथ जलियांवाला बाग से जुड़ी घटना के बारे में बताया।

## नशा मुक्ति का संदेश देने वाली पंचायतों का होगा सम्मान

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** सरकार द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में साइक्लोथॉन-2.0 - हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना- टैगलाइन के साथ नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में पानीपत जिला की सक्रिय भागीदारी रहेगी। बुधवार, 16 अप्रैल को भारी संख्या में साइक्लोथॉन का स्वागत जिले में समालखा के रास्ते प्रवेश के दौरान किया जाएगा। प्रबंधन में साइक्लोथॉन को अगले जिला करनाल के लिए वीरवार, 17 अप्रैल को जिला सचिवालय परिसर से सुबह 7 बजे रवाना किया जाएगा।

# उत्थान संस्था सदस्यों ने किया रुद्राभिषेक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** नगर की जन कल्याण को समर्पित उत्थान सामाजिक संस्था के सदस्यों द्वारा "सर्वजन हिताए,सर्वजन सुखाए" की जनकल्याणकारी भावना को लेकर विश्व प्रसिद्ध महाभारत कालीन स्थाणु मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ से पूर्व भगवान शिव से निर्विघ्न कुंभ मेले के संपन्न होने पर धन्यवाद और सर्वजन के कल्याण की भावना को लेकर पूजा की गई थी,प्रयागराज में महाकुंभ सुख - शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया जिसके लिए,महादेव को कृतज्ञतापूर्वक रुद्राभिषेक किया गया। इसके साथ ही गत दिनों शनि देव के अपनी राशि बदलने से विश्व में कोई अप्रिय घटनाएं न हों इसके लिए भी भगवान शिव से सबकी खुशहाली और दीर्घायु की प्रार्थना की गई क्योंकि जिन देवों की पूजा से शनि देव प्रसन्न होते हैं उनमें भगवान शिव भी शामिल हैं। अनिल वर्मा ने कहा कि शनि देव भगवान हनुमान,कृष्ण और गुरु पूजा करने वालों से भी प्रसन्न होते हैं और उनका कुछ अहित नहीं करते। अनिल वर्मा ने कहा कि समाज हित और राष्ट्र हित में कार्य करने वालों,रक्त दान करने वालों ,नशे आदि से दूर रहने वालों और मांसाहार न करने वालों से भी शनि देव प्रसन्न रहते हैं । अनिल वर्मा ने कहा कि महादेव के पूजन से सब ग्रहों की प्रसन्नता प्राप्त होती है। पंडित नवल किशोर ने बताया कि उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा सबके कल्याण की भावना और सर्वजन के सुख शांति की भावना से करवाए गए अभिषेक से महादेव अति प्रसन्न होंगे क्योंकि परोपकार के सबसे बड़ा उदाहरण स्वयं महादेव ही हैं जिन्होंने जगत के कल्याण के लिए स्वयं ही कंठ में जहर को रखा हुआ है और परोपकार करने वाले व्यक्ति,संस्था,समाज पर उनकी विशेष कृपा रहती है।

# अंबेडकर जयंती पर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता करवाई गई

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



**जी.टी.** रोड स्थित स्थानीय आई. बी. पी. जी महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष पर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका थीम था दी इंपैक्ट ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी ऑन सोसाइटी। इसमें बी.सी.ए प्रथम वर्ष के अधिकतर विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रेजेंटेशन दी गई जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक्स विषय शामिल थे, जिसमें उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह दर्शाया कि किस तरह से आज के समय में स्कैम हो रहा है और हमें इस स्कैम से बचने के लिए क्या-क्या करना चाहिए । प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने बताया कि क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी एक ऐसा विषय है जिसमें सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदन द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खास तौर पर मशीन लर्निंग (एमएल), आज सबसे ज्यादा बदलाव लाने वाली तकनीकों में से एक है। एआई मशीनों को डेटा से सीखने, नई जानकारी के हिसाब से ढलने और ऐसे काम करने में सक्षम बनाता है, जिनके लिए पारंपरिक तौर पर मानवीय बुद्धिमत्ता की जरूरत होती थी। विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी के बारे में सभी को अवेयर होना बहुत जरूरी है ताकि आई. टी. से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम से बचा जा सके । प्रतियोगिता के संयोजक अश्वनी गुप्ता ने कहा कि सिरी और एलेक्सा जैसे वर्चुअल असिस्टेंट से लेकर सेल्फ-ड्राइविंग कारों को पावर देने वाले परिष्कृत एल्गोरिदम तक, एआई ने पहले ही स्वास्थ्य सेवा, वित्त, मार्केटिंग और परिवहन सहित कई उद्योगों में क्रांति ला दी है। मंच संचालन मोहित धीमान द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ नीतू मनोचा और दिप्ती जुनेजा द्वारा निभाई गई । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षांत बी.सी.ए प्रथम वर्ष और द्वितीय स्थान शिवा बी.सी.ए प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान स्वाति बी.सी.ए प्रथम वर्ष द्वारा प्राप्त किया गया। ज्योति और कुलदीप को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम में विनय भारती, प्रीति मलिक, मिलन शर्मा,नीरु, पूजा शर्मा, गणेश, संगीता आदि उपस्थित रहे ।

**प्रतिभाग**

थीम था दी इंपैक्ट ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी ऑन सोसाइटी। विद्यार्थियों ने भाग लिया

# अनिल विज ने भाजपा नेता स्व. सुरेंद्र तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** मंत्री श्री अनिल विज ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सुरेंद्र तिवारी के निधन पर गहरा दुख जताते हुए इसे कभी न पूरी होने वाली क्षति बताया। विज ने अम्बाला छावनी के रामबाग शमशानघाट में सुरेंद्र तिवारी के अंतिम संस्कार में पहुंच पार्थिव शरीर पर भाजपा मंडल अध्यक्षों के साथ चादर व फूल-मालाएं चढ़ाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इससे पहले स्व. सुरेंद्र तिवारी के पार्थिव शरीर पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा चढ़ाया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को सांत्वना दी। गौरतलब है कि श्री सुरेंद्र तिवारी भाजपा के वरिष्ठ नेता थे जोकि कैंसर से पीड़ित थे। कुछ समय पूर्व उनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने पर उन्हें पीजीआई रोहतक ईलाज हेतु भर्ती किया गया था जहां गत शुक्रवार (11 अप्रैल) को उनका निधन हो गया था। सुरेंद्र तिवारी भाजपा के अग्रणी नेताओं में से एक थे जोकि अम्बाला छावनी कैंटोनमैंट बोर्ड में उप-प्रधान रह चुके थे।

## न्यूज फ्लैश

### दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। प्याऊ मनियारी निवासी उमा कुमारी ने बताया कि उसकी शादी नवंबर 2023 में पवन के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके साथ मारपीट की जाने लगी। उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़नाएं दी जाने लगी। पीड़ित ने अपने पति पर दूसरी महिला के साथ संबंध रखने व शराब का नशा, व गुडा गर्दी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति व ससुराल पक्ष उसके चरित्र पर सवाल उठाते है। घर पर किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर उसने परिवार के सदस्यों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। ससुराल पक्ष के तीन सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कमरे के अंदर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव रतनगढ़ स्थित कमरे से दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। खरखौदा हाल में रतनगढ़ निवासी सूरज ने बताया कि उसके पास एक मोटरसाइकिल है। जोकि उसकी बहन के नाम से है। वह अपनी बाइक को कमरे में खड़ी करता है। किसी ने उसकी बाइक को कमरे से चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी विजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित भूरा उर्फ शिवकुमार निवासी संत नगर यूपी हाल में विकास नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

एक महिला ने गत एक अप्रैल 2025 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका पड़ोसी उसकी नाबालिग बेटी को भगा ले गया। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने लड़की को बरामद कर उसका मेडिकल करवाया। उसके बाद अदालत में बयान दर्ज करवाएं। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक संजय की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला आयोजित

### वद्यार्थियों से अपने माता-पिता, गुरुओं एवं धरती माता के प्रति सम्मान की भावना रखने का आह्वान किया

**प्रेरणा**

**विद्यार्थियों को उत्कृष्ट साहित्य, विशेष रूप से महापुरुषों की आत्मकथाएं पढ़ने की प्रेरणा दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** आज इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा (कुरुक्षेत्र) एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, अनुशासन तथा आत्मविकास की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) संजीव शर्मा, पूर्व कुलसचिव, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अपने उद्घाटन भाषण में भारतीय संस्कृति में निहित चरित्र निर्माण की परंपराओं को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता, गुरुओं एवं धरती माता के प्रति सम्मान की भावना रखने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट साहित्य, विशेष रूप से महापुरुषों की आत्मकथाएं पढ़ने की प्रेरणा दी, जिससे युवाओं को जीवन में सकारात्मक दिशा मिल सके। विशिष्ट अतिथि प्रो. कुलदीप सिंह, अध्यक्ष, पंजाबी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सह-संयोजक ने व्यक्तित्व विकास में नैतिक मूल्यों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महाभारत एवं गुरुग्रंथ साहिब से उद्धरण प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं, बल्कि नैतिकता, कर्तव्यपरायणता और व्यवहारिक समझ की भी आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए विद्यार्थियों को भारत में ही उपलब्ध अवसरों को तलाशने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राधेश्याम शर्मा, पूर्व कुलपति, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय एवं गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को बड़ा सोचने, निरंतर प्रयास करने, ईश्वर में आस्था रखने, तथा नैतिक चरित्र निर्माण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, "एक अच्छा चरित्र ही व्यक्ति की सच्ची पहचान है, और सफलता का मार्ग उसी से होकर गुजरता है।" कार्यशाला के सह-संयोजक डॉ. अमित वशिष्ठ, प्रभारी, कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, ने आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, समन्वय और व्यवस्थापन में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके लिए संयोजक ने उनका विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। डॉ. रूपेश गौड़ ने समापन सत्र में सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए बताया कि आज के इस अवसर पर महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के बीच एक एमओयू (एमओयू )पर भी हस्ताक्षर किए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की और भी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

## आमजन पीएम को सुनने के लिए रैली में लेंगे हिस्सा: कैलाश सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**ऐतिहासिक**

**नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाडवा में होने वाली रैली एतिहासिक होगी**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाडवा में होने वाली रैली एतिहासिक होगी। वैसे तो देशभर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर अनेक कार्यक्रम होंगे, पर 14 अप्रैल को हरियाणा की जनता के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का होना बड़ी बात है, क्योंकि इस दिन प्रदेश को कई बड़ी सौगातें मिलने वाली हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नागरिक को जो जिम्मेदारी मिली है, उसे समय पर पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी शनिवार को लाडवा स्थित जन कल्याण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे और रैली को लेकर कार्यकताओं की जिम्मेदारियां सुनिश्चित की। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। यह हरियाणा के लिए गर्व का क्षण होगा। इन क्षणों को और ऐतिहासिक बनाने के लिए लाडवा विधानसभा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक यमुनानगर पहुंचेंगे।

## रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली में 15 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी वालिया ने बताया कि 15 अप्रैल को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामदास आठवले के दिल्ली स्थित निवास स्थान पर हरियाणा प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की एक महत्वपूर्ण मीटिंग रखी गई है। इस बैठक में अपनी टीम के साथ सभी पदाधिकारी, सभी मोर्चे व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस मीटिंग को प्रदेश अध्यक्ष रवि सोनू कुंडली संबोधित करेंगे तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के द्वारा दिए गए निदेर्शों से अवगत करवाएंगे। इसी के साथ 25 अप्रैल को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के अंदर होने वाले पार्टी के कार्यक्रम ( बाबा साहब भारत रत्न श्री भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाने के संदर्भ में ) रूपरेखा तय की जाएगी।

## गांव नगला में चौदस पर लगे मेले पर प्रदर्शनी का आयोजन

**शिवदर्शन**

**शिवदर्शन कर मनुष्य से देवता बनने की कला सिखाने वाली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा 36-37 दयालबाग, अंबाला छावनी, द्वारा गांव नगला के देवी मंदिर में चौदस पर लगे मेले के अवसर पर शिवदर्शन कर मनुष्य से देवता बनने की कला सिखाने वाली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी सुबह 10:00बजे से शाम तक चली।राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने कहा की जब दुनिया में पापाचार, अनैतिकता और अधर्म फैल जाता है तब परमपिता परमात्मा इस धरती पर अवतरित होकर इस पतित सृष्टि को पावन बनाने का कार्य करते हैं। वे ज्ञान और राजयोग से मनुष्य को देवता बनाते हैं। इसके लिए ही श्री गुरु ग्रंथ में कहा गया है ह्यमानुष से देवता किए करत ना लागी बारह्व। उन्होंने बताया कि राजयोग द्वारा आत्मा के कई जन्मों के पाप भस्म होते हैं और आत्मा पावन बन जाती है। ज्ञान से जीवन में गुण आने लगते हैं तो यह वही समय है। परमात्मा फिर वही गीता का ज्ञान सुना रहे हैं, जिससे आदि सनातन देवी-देवता धर्म की स्थापना हुई थी और भारत स्वर्ग बना था। अब जरूरत इस बात की है कि परमात्मा को पहचान कर उससे संबंध जोड़कर उनसे जीवन मुक्ति का अधिकार प्राप्त करें और उनकी आज्ञा पर चलकर श्रेष्ठ बनें। उन्होंने कहा कि यह समय कलयुग के अंत के भी अंत का समय चल रहा है। इसकी निशानियां गुरु नानक ने बताई थी जिसमें पहली निशानी गाय गंदी चीजों को खाने पर मजबूर होंगी, कन्या अपना वर स्वयं मांगेगी, अनाज पुड़ियों में बिकेगा केशों का श्रृंगार होगा। ये सभी लक्षण वर्तमान समाज में विद्यमान हैं, जिससे प्रतीत होता है कि कलयुग की समाप्ति का समय चुका है। विधायक कुलतार सिंह रंधावा जी ने भी शिरकत कर इश्वरिये ज्ञान लिया और उन्होंने कहा ब्रह्माकुमारीज संस्था बहुत अच्छा काम कर रही है, संसार में शांति स्थापन करने में इनकी विशेष भूमिका है ।

## डॉ अम्बेडकर के राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका विषय पर सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



**सर्वसमाज**

**ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि महापुरुष एक जाति व धर्म के नही होते ये सर्वसमाज के होते है**

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब, रेडक्रॉस क्लब, रेडरीबन क्लब, समाजशास्त्र विभाग और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डॉ अम्बेडकर के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आज की प्राचार्या डॉ रितु नेहरा ने की वहीं कार्यक्रम का आयोजन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एम ए इतिहास के विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों द्वारा डॉ आंबेडकर का राष्ट्र निर्माण, महिला उत्थान और शुद्र समाज के उत्थान में योगदान विषयों पर चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से प्रकाश डाला गया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि महापुरुष एक जाति व धर्म के नही होते ये सर्वसमाज के होते है।प्रोफेसर दलबीर देसवाल ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने संविधान की रचना करके सभी को एक सम्मान अधिकार दिए।डॉ तकदीर सिंह ने कहा कि डॉ आंबेडकर से बड़ा कोई समाजशास्त्री नही हुआ इन्होंने सदियों की गुलामी से करोड़ो लोगो को छुटकारा दिलाया। डॉ रितु नेहरा ने कहा कि एक महिला होने के नाते भारत वर्ष की प्रत्येक महिला बाबा साहब के महिला उत्थान के लिए दिए गए बहुमूल्य अधिकारो के लिए उनकी धन्यवादी हूं।

## बिजली के बिलों में वृद्धि से प्रदेश की जनता पर पड़ा आर्थिक बोझ: लाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**बेरोजगारी**

**जब आम नागरिक पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और अन्य दैनिक खर्चों से जूझ रहा**

**कुरुक्षेत्र :** युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाली शर्मा तटियाना ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में बिजली के बिलों में की गई वृद्धि से प्रदेश की जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब आम नागरिक पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और अन्य दैनिक खर्चों से जूझ रहा है। बिजली दरों में यह बढ़ोतरी न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को प्रभावित करेगी, बल्कि छोटे व्यापारियों, किसानों और मध्यम वर्ग के लोगों की भी मुश्किलें बढ़ाएगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह निर्णय जनता की जेब पर सीधा असर डालेगा। सरकार को चाहिए कि वह इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और जनता को राहत देने के लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करे। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा को आम आदमी की पहुंच से बाहर करना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।जनहित में, हम मांग करते हैं कि इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं से सलाह-मशविरा कर कोई भी फैसला लिया जाए।

## शराब ठेके के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में शराब ठेके के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अम्बेडकर नगर निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह गत दस अप्रैल को अपने किसी काम के लिए प्याऊ मनियारी-नरेला रोड पर स्थित शराब ठेके पर आया था। अपनी बाइक को खड़ी करके कहीं चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## 6 मई को सौंपा जाएगा ज्ञापन: अमरीक सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**बैठक**

**अंबाला परिमंडल स्तर पर अधीक्षक अभियंताओं के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा जा चुका है**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 681 मुख्यालय करनाल जिला कार्यकारिणी की मीटिंग नजदीक नया बस स्टैंड ताज पार्क में जिला प्रधान रामनिवास शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । मीटिंग का संचालन जिला सचिव जगदीप सिंह ने किया। मीटिंग में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा उपस्थित रहे । मीटिंग में जिला संगठन से संबंधित सभी शाखाओं के पदाधिकारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों के अधीन करने के विरोध में संगठन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 6/5/2025 को परिमंडल कैथल पर होने वाले रोष प्रदर्शन व अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम भेजे जाने वाले ज्ञापन की तैयारी को लेकर के शाखा स्तर पर पदाधिकारीयों की ड्युटियां लगाई गई । उपस्थित सभी शाखाओं के पदाधिकारी साथियों द्वारा संगठन को आश्वस्त किया गया कि जिला कुरुक्षेत्र से एक-एक कर्मचारी हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ ज्ञापन व रोष प्रदर्शन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने कहा कि केंद्र की सरकार श्रम कानून में बड़े स्तर पर बदलाव कर-के संगठनों व कर्मचारियों को लाचार करना चाहती है जिसको संगठन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा । महासचिव ने बताया कि इससे पूर्व भी संगठन द्वारा पलवल,गुरुग्राम, सोनीपत व अंबाला परिमंडल स्तर पर अधीक्षक अभियंताओं के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन भेजा जा चुका है।

## श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर, ब्रह्मसरोवर में धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**भव्य**

**उत्तरी तट ब्रह्मसरोवर में हनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ अत्यंत भव्य रूप में मनाया गया**

**कुरुक्षेत्र :** ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर,उत्तरी तट ब्रह्मसरोवर में हनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ अत्यंत भव्य रूप में मनाया गया। यह आयोजन ना केवल धार्मिक रूप से विशेष था, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत प्रेरणादायक रहा। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। दीपों की ज्योति, फूलों की साज-सज्जा और भक्ति गीतों की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा। दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता रही राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं धर्मगुरु पंडित प्रेम कुमार शर्मा जी की उपस्थिति। उन्होंने अत्यंत भावपूर्ण एवं सस्वर सुंदरकांड पाठ किया, जिसे सुनकर उपस्थित जनमानस भावविभोर हो गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण "जय श्रीराम" और "बजरंगबली की जय" के नारों से गूंज उठा। पंडित शर्मा जी ने अपने प्रवचन में हनुमान जी के आदर्शों, सेवाभाव, शक्ति और भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डाला।इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्थाएँ अत्यंत सुव्यवस्थित और अनुशासित रहीं। मंदिर समिति और स्थानीय स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से श्रमिकों, भक्तों और अतिथियों की सेवा की, जिससे आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई। इस अवसर पर मंदिर समिति , सदस्यों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।पुजारी पंडित हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता, सेवा, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन और अधिक व्यापक स्तर पर किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रबंधक पंडित विजय कुमार शर्मा ने समस्त श्रद्धांलूजनों व मीडिया प्रतिनिधियों तथा स्थानीय जनता

## मिलेनियम, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े श्रद्धा भाव से मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** मिलेनियम, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ, मुख्याध्यापिका सुनीता रानी, कोऑर्डिनेटर ज्योति खनेजा सहित समस्त शिक्षकों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित भाषण और लेख प्रस्तुत किए, जिनमें उनके संघर्ष, विचार और देश निर्माण में योगदान को प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को गहराई से प्रभावित किया। स्कूल प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारत को संविधान दिया, जो आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में उनका योगदान अमूल्य है।मुख्याध्यापिका सुनीता रानी ने डॉ. अंबेडकर को देश का सच्चा सपूत बताते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

# वीरता, भक्ति, सेवा भाव के प्रतीक हैं भगवान हनुमान : डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/संजीव कौशिक**
सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान हनुमान वीरता, भक्ति व सेवा भावना के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज को हमेशा मजबूत करने वाला विचार दिया है, जिसे वर्तमान दौर में आत्मसात करने की बड़ी जरूरत है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया वो युवा पीढ़ी को धर्म से जोड़ें, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उन्हें आत्मबल प्राप्त हो। शनिवार शाम को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा गोहाना विधानसभा के गांव जुआं में भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच विनोद कुमार व धर्मसिंह द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान



यज्ञ कृष्ण कथा में शिरकत करने पहुंचे। कार्यक्रम में उमडे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान हनुमान आमजन के जीवन में सभी बाधाएं दूर करने वाले हैं। उन्होंने हमेशा अपने भक्तों के कष्टों को दूर करतर हुए उन्हें बल, बुद्धि व विवेक प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भगवान हनुमान से भक्ति भावना व सेवा भावना सीखनी चाहिए। वर्तमान दौर में अभिभावकों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वो युवा पीढ़ी को धार्मिक विचार से जोड़ें, ताकि युवा समाज को मजबूत बनाने में अपना

**वीरता**

**डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान हनुमान वीरता, भक्ति व सेवा भावना के प्रतीक हैं**

योगदान दे सकें। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गांव जुआं के अम्बेडकर चौक पर स्थापित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि आज सरकार बाबा साहब के विचार को आगे बढ़ाते हुए गरीब कल्याण को अंत्योदय भावना से आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी बाबा साहब के विचार पर बड़ी परियोजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिसार में महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लोकार्पण व यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल प्लांट की 800 मेगावाट यूनिट की आधारशिला रखेंगे।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष व सरपंच विनोद कुमार, सरपंच सुरेन्द्र, इंद्र सिंह पांचाल, रमेश प्रधान, नरेश, अनिल, सुभाष, प्रकाश, रोशन मोहाना, नरेश बाबा, रमेश मास्टर आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को देंगे सौगातः विधायक कृष्णा गहलावत

**उत्साह**

**गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
**भाजपा** का प्रदेश में संगठन पर्व चल रहा है। प्रदेश में भाजपा द्वारा गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना और जनसंपर्क को मजबूत करना है। इस अभियान राई विधायिका कृष्णा गहलावत बहालगढ़ में कार्यकर्ता और



ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव चलो-बस्ती चलो अभियान की शुरूआत की गई।
विधायिका कृष्णा गहलावत ने इस दौरान कहा कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा दौरे के दौरान 15 जिलों के कार्यकर्ता हिसार और 12 जिलों के कार्यकर्ता यमुनानगर में मौजूद रहेंगे। इस दौरान हरियाणा को पहला एयरपोर्ट व 24 घंटे बिजली देने जैसी अनेक बड़ी सौगात मिलेंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

## न्यूज फ्लैश

### सेवा केंद्र के सभी नवप्रवेशित बच्चों को वितरित किया स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित की



**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । सेवा भारती सेवा केंद्र द्वारा संचालित बस्ती के स्कूल में 25 बच्चों को परिषद द्वारा निशुल्क स्कूल बैग, कॉपी, पेंसिल किट और स्टेशनरी वितरित की गई । सेवा केंद्र पर कार्यरत अध्यापिकाओं को भी सम्मानित किया गया ' संस्कृति कार्यक्रमों की बेहतर सुंदर प्रस्तुति देने पर बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्तिक बच्चे द्वारा कंठस्थ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सत्यकरण दीवान द्वारा हनुमान जी के भजनों का गुणगान किया गया। डॉ दीप चंद गर्ग ने हनुमान जन्मोत्सव पर अपने विचार रखे । इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप सिंघल ने विश्वास दिलाया कि समय समय पर बच्चों को शिक्षा सामग्री वर्दी निशुल्क दी जाएगी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष निशा कौशिक,उपाध्यक्ष संस्कार मनीषा जैन, महिला संयोजिका भावना जग्या, नेहा त्यागी, मीनू हांडा, काजल सिंघल, निशी पाहुजा, योगेश कौशिक, अंकित त्यागी, डॉ राजेश शर्मा, नरेंदर पतंजलि, कृष्ण जिंदल, जगदीश व्यास, सेवा भारती प्रदेश सदस्य सुरेंदर धीमान, प्रेम सपड़ा आदि मौजूद थे।

### हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए: राम अवतार



**राई ।** कुंडली में स्थित ग्रैंड स्क्वेयर बीटीडब्लू सोसायटी में रोटरी क्लब के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सोसाइटी, आरडब्ल्यूए व मैनेजमेंट कमेटी में मिलकर किया । जिसमें 100 से ज्यादा यूनिट रक्तदान किया । इस मौके पर कंपनी की तरफ से राम अवतार , प्रधान सुनील काजल ने कहा रक्तदान महादान है और यह किसी की जान बचा सकता है। रक्त के अभाव में कोई जान न जाएं। रक्तदान करने से दिल का दौरा या हार्ट फेल होने जैसी अवस्था की संभावना 95 प्रतिशत तक समाप्त हो जाती है। इसलिए नियमित रक्तदान करें। हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। आरडब्ल्यूए की तरफ से सुनील काजल ने कहा कि रक्तदान को महादान का दर्जा दिया गया है। क्योंकि आपका यह दान किसी इंसान की जिदगी बचा सकता है मगर लोग इस दान को लेकर अभी भी जागरूक नहीं है। कुछ महापुरुषों की जयंती पर ही सामाजिक संस्थाएं सामने आती हैं और रक्तदान का कार्यक्रम चलाया जाता है जबकि अन्य समय में रक्तदान शिविर कम ही देखने को मिलते हैं। कारण एक ही है कि लोग इसके प्रति जागरूक नहीं है। संदीप खापरा , डॉ राजीव झा, डॉ पवन, प्रदीप धनखड़ दीपक सिंगला, मनोज कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

### गेहूं की फसल चोरी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर में गेहूं की फसल काटकर चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बैंयापुर निवासी विकास ने बताया कि वह उसके पिता ने चांद कौर निवासी बैंयापुर हाल में मावटी पानीपत के हिस्से की जमीन वर्ष 2002 में ली थी। जिस पर वह काबिज है। उक्त जमीन पर खेती करते है। हाल में गेहूं की फसल उगा रखी थी।

# हनुमान की मूर्ति स्थापना व हवन यज्ञ का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
जी टी रोड पर शहर की संगम कॉलोनी में शिव मंदिर में आज हनुमान जयंती के अवसर पर भगवान शनि देव व हनुमान की मूर्ति स्थापना व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें जहां मंदिर के पुजारी सुंदर कौशिक व हरिओम त्रिवेदी द्वारा मंत्रो उच्चारण किया गया इसमें मुख्य रूप से प्रमुख समाजसेवी जगपाल जौरासी सुभाष व विनोद कुमार जयपाल जौरासी राजेश पंवार आदि ने हवन यज्ञ में आहुति डाली और सभी को हनुमान जयंती पर बधाई दी । इससे पहले यहां पहुंचने पर सभी का स्वागत किया गया । वहीं समाजसेवी जगपाल जौरासी सुभाष



व विनोद कुमार आदि ने भगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की और भगवान से आशीर्वाद लिया वही मंदिर प्रांगण में भगवान की महिमा का गुणगान किया जिससे आसपास का वातावरण भक्तिमय में तब्दील हो गया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले साल माता चंद्रो देवी की याद में उनके बेटे जगपाल जौरासी सुभाष व विनोद कुमार के सहयोग से हाईवे पर शहर की संगम कॉलोनी में शिव मंदिर स्थापित किया गया था जिसमें रोजाना कॉलोनी के अलावा अन्य श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे हैं। शिव मंदिर में भगवान शनि देव व हनुमान की मूर्ति स्थापना को

**बधाई**

**जयपाल राजेश पंवार आदि ने हवन यज्ञ में आहुति डाली और सभी को हनुमान जयंती पर बधाई दी**

लेकर देर शाम को बारिश के चलते महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ समाजसेवी जगपाल जौरासी द्वारा किया गया। वहीं शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में मंत्र उच्चारण व विधि विधान के साथ भगवान शनि देव व हनुमान की मूर्ति स्थापित करने व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

# रेप करने के आरोप में रोहणा का युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**सोनीपत** जिले की क्राईम यूनिट खरखौदा की पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दूष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अंकुश निवासी रोहणा जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 20 मार्च को जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि आरोपी अंकुश निवासी रोहणा ने उसकी

**काबू**

**पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दूष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया**

नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओ व पोक्सो अधिनियम के तहत थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया।

# मां-बाप-बेटे के साथ मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गांधी नगर में मां बेटे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में गांधीनगर निवासी सचिन ने बताया कि 10 अप्रैल की शाम के समय मेरी ही गली के बिजेंद्र व उसकी पत्नी पूनम , बेटा सावन उर्फ (कलवा), नेहा, कमला ने मिलकर मुझे चोट मारी। उसके बाद दयाल 112 पर फोन कर दिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर में इलाज करवाया। शिकायत में बताया कि अगले दिन सुबह मेरी मां मामनी देवी घर से

**मामला दर्ज**

**मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी**

दूध लेकर ग्राहक को देने के लिए उसके घर जा रही थी तो रास्ते में पूनम, अनीता, नेहा,
बिजेन्द्र, सनम, सोनू ने मेरी मां मामनी देवी को रोक लिया हमला व गाली गलोच करने लगे व अपने हाथों में लिए लाठी, डंडों से चोटें मारी।

# प्रधानमंत्री की हिसार रैली में महेंद्रगढ़ से उमड़ेगा जनसैलाबः कैबिनेट मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 अप्रैल को हिसार में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक जनसभा में महेंद्रगढ़ जिला से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सरपंच तथा आमजन भाग लेंगे। हरियाणा सरकार की कैबिनेट मंत्री एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री की रैली को लेकर जिले के लोगों में भारी उत्साह है और सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि रैली



की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर व्यापक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। भाजपा के जिला, मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और गांवों के सरपंच इस ऐतिहासिक रैली में भागीदारी सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह रैली भाजपा संगठन की एकजुटता का प्रतीक तो बनेगी ही, साथ ही यह प्रदेश के विकास की दिशा में एक निर्णायक क्षण भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर हरियाणा राज्य को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। ये परियोजनाएं प्रदेश की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति देंगी। मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित की जाने वाली परियोजनाएं हरियाणा के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।

# मरीज पर वैकल्पिक नि:शुल्क मेडिकल जाँच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** ग्राम गुड़ा में स्थित दादा छज्जू पीर के मित्र स्व. मास्टर हजरतचंद की 22वीं स्मृति दिवस पर महासभा, निःशुल्क मेडिकल कैंप और भंडारे का आयोजन किया गया। हेल्थ इंस्पेक्टर पवन भारद्वाज ने बताया कि इस मशीन पर मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव की टीम बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी, एक्स-रे, ह्रदय रोग, हड्डियों के कैल्शियम की जांच, फेफड़े की जांच सहित अन्य दांतों की जांच, इलाज और इलाज की दवा भी देगी। वैसे गंगा देवी उत्सव अस्पताल में आखों की जांच व चश्मा भी निःशुल्क लगाया गया।

# जो हनुमान की स्तुति करेगा उसके जीवन में कष्ट नहीं आएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** संकट मिटे सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा की स्तुति जीवन की हर समस्या का निदान करती है, भगवान श्रीराम ने हनुमान जी की भक्ति भावना से प्रसन्न होकर यह वरदान दिया था कि मुझसे ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे और लोग अपने संकटों का निवारण तुम्हारी उपासना से करेंगे। उक्त विचार नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दो दर्जन से ज्यादा हवन यज्ञ, जागरण, भंडारों एवं शोभा यात्राओं में भाग लेने के बाद व्यक्त किये। राजीव जैन ने बताया कि जब युद्ध में लंकापति रावण के सभी पुत्रों-भाइयों की मृत्यु हो रही थी तब



रावण ने अमरत्व के लिए शनि भगवान समेत सभी ग्रहों को कैद कर यातनाएं देनी शुरू कर दी थी और हनुमान जी ने शनि को रावण की कैद से मुक्त करवाया। यह वरदान शनि भगवान ने दिया कि जो हनुमान की सच्चे मन से स्तुति करेगा उसके जीवन में कष्ट नहीं आएंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि हनुमान जी जैसी निःस्वार्थ भक्ति हमारे अंदर भी पैदा होगी तक हमें भगवान कि प्राप्ति होगी। उन्होंने संत कबीर द्वारा कपडा बुनते हुए तथा संत रविदास द्वारा जूतियां गांठते हुए भगवान की भक्ति हमारे सामने भक्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है कि हमें हर समय प्रभु को साक्षी मानकर जीवन यापन करना चाहिए।
कार्यकमों में भीम सिंह, मनीष राई,

**भक्ति में लीन**

**हनुमान जी जैसी नि :स्वार्थ भक्ति हमारे अंदर भी पैदा होगी तक हमें भगवान कि प्राप्ति होगी: जैन**

रोशन लाल, राज भल्ला, राम सिंह त्यागी, रणबीर सिंह, सतीश गाँधी, महावीर,
यशपाल डुडेजा, पवन अग्रवाल, जगन नाथ, यश तनेजा, संदीप अरोड़ा, संजय सिंगला, सतीश विरमानी, बी आर आहूजा, प्रदीप सरोहा, रामबीर कौशिक, जयवीर हुड्डा, पवन आदि सैंकड़ो हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

# बिजनेस प्लैनिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने किया तीसरा स्थान प्राप्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** ओम शांति शिक्षा सदन स्कूल के छात्रों ने बीएम इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा आयोजित बिजनेस प्लैनिंग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया । कक्षा 12वीं (वाणिज्य) की प्रतिभाशाली छात्राए यशिका, राशि, दिव्या, अनुष्का एवं तनिशा ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें ट्रॉफी और 1100 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जयपुर में महेंद्र गढ़ व रेवाड़ी के कलाकारों ने मचाया धमाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणवी संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर बीती रात हरियाणा भवन जयपुर में भव्य हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी के कलाकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर टीवी कलाकार व याहा हरियाणा के निर्देशक अनिल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में आईएएस ललित मेहरा, एमपी गुप्ता, राधेश्याम बंसल, डॉ. कमला वत्स, जलज वत्स सहित हरियाणा प्रदेश के जयपुर में रह रहे सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर वरिष्ठ कलाकार घीसा राम सैनी को मंच की ओर से



सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अनिल कौशिक ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति व रंगमंच को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम उनके द्वारा पिछले 35 वर्षों से किए जा रहे है। उन्होंने अप्रवासी हरियाणवी मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रति वर्ष उनके द्वारा अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मंच के द्वारा प्रति वर्ष हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। हरियाणा राज्य प्रवासी नागरिक मंच जयपुर द्वारा बीती रात को कला एवं संस्कृति उत्सव मनाया गया। ललित मेहरा ने कहा कि हरियाणवी सांस्कृतिक छठा के माध्यम से युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए मंच द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। गणेश वंदना के साथ आरम्भ हुए कार्यक्रम में लावण्या फाउंडेशन रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ के कलाकारों ने हरियाणवी

**संस्कृति**

**अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मंच के द्वारा प्रति वर्ष हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है**

संस्कृति पर आधारित नृत्य, गायन, संगीत जैसी विद्या में हरियाणवी कार्यक्रमों की जोरदार प्रस्तुति दी। महेंद्रगढ़ की कलाकार माही, नव्या, तुमीक्षा द्वारा युगल हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को देशभक्ति की ओर ले जाते हुए अंजना, अंजली, सिमरन व शामिष्ठा ने समूह गान से देशभक्ति का जज्बा दर्शकों में झलक गया।

# श्री सालासर बालाजी की मूर्ति स्थापना एवं भव्य मेले का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** स्थानीय श्री गोपाल गौशाला बुचियावाली धाम पर नवनिर्मित मंदिर में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। इसके अलावा शुक्रवार को प्रातः काल के समय कलश यात्रा एवं हवन पूजन से श्री सालासर बालाजी की मूर्ति स्थापना एवं विशाल मेले का आयोजन किया गया। रात्रि जागरण में नारनौल से गायक कलाकार विकास जांगड़ा ने अपने भजनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली गई कलश एवं झंडा यात्रा में 431 कलश व 501 ध्वजा शामिल हुई,



जो शहर के मुख्य बाजारों से होकर श्री गोपाल बुचियावाली स्थित श्री सालासर बालाजी मंदिर में पहुंची, जहां हवन पूजन करने के उपरांत मूर्ति स्थापना करवाई गई। मंदिर प्रधान प्रवीन दीवान ने बताया कि जिले में पहली श्री सालासर बालाजी की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, श्री गोपाल गौशाला बुचियावाली धाम डुलाना रोड पर की गई है। इस उपलक्ष्य में श्री गोपाल गौशाला के प्रांगण में रात्रि सालासर धाम से अखंड ज्योत भी लाई गई, जागरण तथा कलश यात्रा के साथ-साथ भव्य मेले का आयोजन भी किया गया।

# आदर्श नगर: दो दिवसीय योग शिविर से लाभान्वित हुए सैंकड़ों लोग









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर स्थित सुभाष पार्क में निःशुल्क दो दिवसीय योग तथा योगा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्मार्ट ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से किया गया।इस मौके पर आर बी क्षेत्री के द्वारा शिविर में आये हुए लोगों को योग के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई और योग के फायदों से अवगत कराया गया।

इस मौके पर शारीरिक बिमारी में जैसे मासपेशियों में दर्द, हाट में दर्द, चक्कर आना, सर में दर्द होना, मानसिक बिमारी में एन्जाइटी, चिन्ता, मुटके धडकन बढ़ना, पसीना आना, क्रोध आना सहित कई बिमारियों का इलाज योग से कैसे हो सकता है, इसके बार में विशेष रूप से योग गुरू के द्वारा बताया गया।

इस मौके पर अध्यक्ष दीपक गर्ग, पवन गुप्ता उपाध्यक्ष, समाजसेवी मनोज गुप्ता, समाजसेवी सुरेन्द्र पुनयानी, सदस्य तंप्रीत सिंह, अनिल जैन, बीडी बघेला सहित गई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर योग ट्रेनर आरबी क्षेत्री ने बताया कि योग करने के कई फायदे है इसलिए सभी को नियमित रूप से योग करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि



शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है।

शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए भी जाना जाता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी को नियमित रूप से योग करना चाहिए और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

इस मौके पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम के आयोजको की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के योग शिविर सभी को समय-समय पर आयोजित करने चाहिए।





# विजय नगर: हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन, सैंकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देशभर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया गया, इस दौरान सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली।

इस मौके पर मॉडल टाउन क्षेत्र स्थित विजय नगर स्थित चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी के कार्यलय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व श्रीराम भक्त हनुमान जी महाराज की प्रतिमा पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई और जय हनुमान के साथ-साथ जय श्री राम की जयघोष की गई। इस मौके पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशोक गोयल देवराहा, कमला नगर वार्ड से निगम पार्षद रेनू अग्रवाल, मॉडल टाउन से पार्षद विकेश सेठी, संगम पार्क से पार्षद सुशील जोंटी, रानी बाग थानाध्यक्ष प्रभांशु कुमार, जिला मंत्री रश्मि बजाज, महिला मोर्चा अध्यक्षा श्वेता जैन, मंडल उपाध्यक्ष शिव चरण योगी, चांदनी चौक जिला उपाध्यक्ष सचिन दीवान, चांदनी चौक विधानसभा प्रत्याशी सतीश जैन, मनी असडी बहल जिलामंत्री, दिवांशी गुप्ता उपाध्यक्ष मॉडल टाउन मंडल, वीरपाल सिंह मंडल अध्यक्ष संगम पार्क, संतोश उपाध्याय महामंत्री, राकेश अग्रवाल, अंशुल असडी, हिमांशु असडी, महेश श्रीवास्तव, लज्जाराम साहू, आकाश खुरामा, अजय माटा, तरूण जयरथ, प्रताप सिंह गुरूजी,सतपाल सिंह सेठी, परमजीत सिंह, बंटी, तापसी मदान सहित कई लोगों ने मिलकर भंडारे में अपनी-अपनी सेवा प्रदान की।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शनिवार को गैर सरकारी संस्था एकदाना फाउंडेशन की ओर से शोभायात्रा व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा कनाट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से निकाली गई और विभिन्न इलाकों से गुजरी। इस दौरान लड्डु, बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में हनुमान जी के भक्त जयश्री राम और बजरंग बली की जय के नारे लगाते रहे। शोभा यात्रा में विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी



हिस्सा लिया। लोगों के हाथों में झंडा था जिस पर हनुमान जी विराजमान थे।

फाउंडेशन के ट्रस्टी अमित कुमार ने कहा कि हम हनुमान जयंती पर हनुमान जी की प्रार्थना करते है कि वह समाज और देश में शांति और सौहार्द बनाए रखें और हम सभी को सुख समृद्धि दे। शोभायात्रा में फाउंडेशन से जुड़े धीरज कुमार, ललित बजाज, गौरी शंकर, विनित कौशिक, अमित कुमार (विक्की), प्रिंस पसरिजा, अजय शर्मा, ऋतु श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली प्रथम श्री हनुमंत लाल शोभा यात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हनुमान चालीसा टीम द्वारा प्रथम श्री हनुमंत लाल शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं, युवाओं तथा समाज के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा यात्रा के-ब्लॉक स्थित वाल्मीकि मंदिर से आरंभ होकर श्री राम मंदिर, जे-2 पर संपन्न हुई। इस भव्य धार्मिक आयोजन में प्रमुख आकर्षण रहे मुख्य अतिथि उमेशानंद महाराज जी (जूना अखाड़ा), जिन्होंने भगवान वाल्मीकि और श्रीराम नाम के संकीर्तन के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। महाराज जी ने अपने प्रेरणास्पद प्रवचन में कहा, 'सनातन धर्म को जाति-पाति के



नाम पर बांटने का प्रयास किया जा रहा है। शोभा यात्रा के समापन पर हनुमान जी की सामूहिक पूजा एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सफल आयोजन में युवा मोर्चा, जिला केशवपुरम के मंत्री शेखर कोली एवं उनकी समर्पित टीम की भूमिका सराहनीय रही। इसके अलावा वजीरपुर की विधायक पूनम भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमन इंद्राज, जिला धर्मजागरण प्रमुख सतवीर, आदित्य गांधी, चंद्रपाल सिंह, यशवंत, श्याम, संजय राजौरा, संजीव पाठक, आरजू, बलवीर, संदीप, दीपक कोली, कमल कोली मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जी को भारत रत्न देकर किया जाए सम्मानित: सुमेर सिंह सैनी








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/अमरोहा: अमरोहा** के हसनपुर रहरा, प्रकाश वीर शास्त्री ग्राउंड के विशाल प्रांगण में ज्योतिबा फुले आर्मी द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती में उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने पाखंडवाद और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष का आवाहन करते हुए सामान शिक्षा, सामान चिकित्सा की मांग करते हुए कहा कि भारत को आजाद हुए लगभग 75 वर्ष हो गए परंतु अभी भी भारत का पिछड़ा वर्ग मूलभूत सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए सतत संघर्ष कर रहा है। अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुए समारोह में सभी विशिष्ट अतिथियों एवं वक्ताओं ने इस अवसर पर भारत सरकार से मांग करते हुए पुरजोर अपील की महात्मा ज्योतिबा फुले जी को भारत रत्न देकर सम्मानित किया जाए।

लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजपाल सैनी, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के युवा नेता राकेश सैनी, हरियाणा कैथल के प्रसिद्ध समाजसेवी पालाराम सैनी, हरियाणा समालखा से प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर सूरजभान सैनी, अमरोहा सैनी समाज के प्रसिद्ध नेता चंद्रपाल सैनी, सैनी महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉक्सर जतिन सैनी, अमरोहा जिला पंचायत के पूर्व सदस्य हरीश सैनी, अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा जिला अमरोहा के अध्यक्ष गंगा शरण सैनी, हसनपुर के युवा नेता रवि शंकर सैनी, अमरोहा देहात के युवा नेता प्रधान संजीव सैनी, गजरौला के युवा नेता मोनू सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तिओं ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए ज्योतिबा फुले जी के प्रति आस्था प्रकट की। ज्योतिबा फुले आर्मी के अध्यक्ष जितेंद्र सुपारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो से भारी संख्या में आए समाज बंधुओ ने लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो राजकुमार सैनी के विचारों से प्रभावित होकर राजकुमार सैनी के समर्थन में पुरजोर नारे लगाए राजकुमार सैनी संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं, हमारा नेता कैसा हो राजकुमार सैनी जैसा हो। अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी एवं पिछड़े वर्ग के नेता राजकुमार सैनी के आगमन पर ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों युवकों ने मोटरसाइकिल रैली निकाल कर ज्योतिबा फुले को भारत रत्न दिए जाने की मांग करते हुए समारोह में सम्मिलित होकर महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस मौके पर ज्योतिबा फुले आर्मी कार्यालय प्रभारी विजय पाल सैनी, आनंद सैनी, प्रवीण सैनी, रविंद्र सैनी, अंकित सैनी, मुकेश सैनी, बंटी सैनी एवं रेहरा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर शिवचरण सैनी पथरा के युवा नेता राजेश सैनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किया।

ज्योतिबा फुले आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सैनी सुपारी ने बताया की शोभित सैनी और सोनू सैनी द्वारा प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। उन्होंने बताया राजकुमार सैनी के साथ सैकड़ो युवकों ने सेल्फी ली और राजकुमार सैनी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी का ग्रामीणों ने भव्य अभिनंदन किया। उन्होंने बताया की इस अवसर पर पत्रकार बंधुओ को भी सम्मानित किया गया।

# राम भक्त हनुमान भक्ती में सराबोर हुई कान्हा की नगरी

**टीम एकक्शन इंडिया**
**मथुराः महानगर** के हनुमान मंदिरों पर हनुमान जयन्ती के अवसर पर रामभक्त हनुमान का अभिषेक किया गया और छप्पन भोग के दर्शनों का आयोजन हुआ। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में हनुमान भक्तों की भीड़ दर्शन और आराधना करने के लिए लगी रही। शनिवार को प्रातः सात बजे प्राचीन मन्दिर घाटी वाले बाबा गूजरघाटी, चौक बाजार मथुरा पर श्री हनुमानजी महाराज (घाटी वाले बाबा) का 251 किलो दूध, 51 किलो दहीं, 51 किलो बूरा, 11 किलो घी, 11 किलो शहद, केशर,



गुलाब इत्र एवं गंगा यमुना जल द्वारा पंचामृत अभिषेक महंत बल्देव प्रसाद व्यास एवं चरण सेवक सोनू पंडित व मोनू पंडित ने किया। अभिषेक दर्शनों के समय मंदिर में काफी संख्या महिला पुरूष भक्त हनुमानजी और रामजी से संबंधित भजन गा रहे थे। भक्तगणों ने साथ में पूजा अर्चन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।सायंकाल प्राचीन मन्दिर घाटी वाले बाबा गूजर घाटी चौक बाजार मथुरा पर श्री राम दरबार, श्री हनुमन्त लाल जी एवं श्री श्रीनाथ जी के समक्ष विभिन्न सामग्री सहित भव्य विशाल छप्पन भोग ठाकुरजी को अर्पण किये गये। भव्य फूल बंगला में विराजे ठाकुरजी की शोभा अद्वितीय दर्शित हो रही थी। विभिन्न फूलों की महक से वातावरण सुगन्धमय होकर भक्तों के मन भी सुमनमय कर रहे थे। इस असपर पर शाम को मंदिर भजन सन्ध्या का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें श्री हनुमान जी, श्री रामजी आदि के सुमधुर भजन दर्शनार्थियों का मन मोह रहे थे। सभी कार्यक्रमों की व्यवस्था में महंत सत्य नारायण शर्मा, ट्विंकल वर्मा, गोपाल, अभिषेक चतुवेर्दी, रजत भारती, रितेश, जौनी, सोनू भगत, आशीष आदि का सक्रिय सहयोग रहा ।

# पुलिस ने चलाया नशे के अवैध कारोबार पर चाबुक

## कोसीकलां पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्कर किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** नशा का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ मथुरा पुलिस ने कार्यवाही की है। थाना कोसीकलां पुलिस ने एक अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का मस्ताना ब्राण्ड के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला अरविन्द कुमार निर्वाल ने बताया कि संतोष पुत्र नारायन सिंह निवासी भातू कॉलोनी कस्बा व थाना कोसीकला शातिर शराब तस्कर है। ये लोग कोसीकला में कच्ची शराब बनाने भट्टियां चलाते थे। पुलिस की सख्ती के बाद उन्होंने दूसरे राज्यों में शराब की तस्करी का धंधा कर लिया। संतोष

**काबू किया**

**▶▶ अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का मस्ताना ब्राण्ड के साथ गिरफ्तार किया**

के विरूद्ध एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। अनाज मण्डी से भातू कालौनी की तरफ जाने वाले अवैध रास्ते पर थाना कोसीकलां मथुरा से अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर संतोष निवासी भातू कॉलोनी कोसीकला को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से पुलिस ने 45 पौव्वा अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का मस्ताना ब्रांड बरामद की है।
अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाह की गई है। थाना कोसीकलां पुलिस ने एक और अभियुक्त नेम सिंह पुत्र पूरन निवासी रुपनगर थाना कोसीकला को शराब तस्कर के आरोप में गिरफ्तार किया है। धानौता पैट्रोल पंम्प के पास बनी झोपडी के पास से नेम सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 44 पैकेट अवैध देशी शराब दोस्ताना ब्राण्ड उत्तर प्रदेश मार्का के बरामद हुए।
वहीं थाना शेरगढ़ पुलिस ने एक व्यक्ति को 80 पव्वा देसी हरियाणा मार्का शराब व करीब दो किलो यूरिया सहित गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक्सप्रेस वे फटा बैटरी से भीर मैक्स पिकअप गाडी टायर

**मथुरा।** नौहझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 60 पर हुए दर्दनाक हादसे में एक एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हुए हैं। घायलों को पहले स्थानीय सीएचसी पर भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में उन्हें जिला चिकित्सालय मथुरा के लिए रैफर कर दिया। हालांकि गाडी का चालक किसी तरह से बच निकला और मौके से फरार हो गया। एक्सप्रेस वे पर बैटरा बिखर गईं। यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 60 पर बैटरी और सवारियों से भरी मैक्स पिकअप का अचानक टायर फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित हुए मैक्स पिकअप एक्सप्रेस वे पर पलट गई। गाडी और बेटरियों के नीचे सवारियां दब गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकाला। नोएडा के चार मूर्ति सुपरटेक के रहने वाले बौबी (9 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में सिकंदरा निवासी चांद खान (47), उनकी पत्नी बचका, बेटी नजमा, रफीक और सलीम हैं। इनके अलावा रफीक के दो बच्चे रिजवान (4 वर्ष) और आदित्य (2 वर्ष) भी घायल हुए हैं। थाना प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि हादसे के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को हटाकर यातायात सुचारु कर दिया है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मैक्स पिकअप से चोरी की सात बैटरी बरामद की

**मथुरा।** एक मैक्स पिकअप गाड़ी से चैकिंग के दौरान मांट पुलिस ने सात चोरी की बैटरी बरामद की। पुलिस मैक्स पिकअप के बारे में भी जानकारी कर रही है। थाना मांट के प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के अनुसार, पुलिस की चेकिंग टीम को इलाके में हुई चोरी की वारदात में वांछित तीन अभियुक्तों की जानकारी मिली। टीम ने नसीटी अंडर पास के पास एक पिकअप मैक्स को रोककर जांच की। पुलिस ने मैक्स में सवार गांव हरनौल थाना मांट के रहने वाले रामेश्वर, वीरेंद्र और फौरन को गिरफ्तार किया। आरोपियों से बरामद की गई पिकअप मैक्स गाड़ी के बारे में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गाड़ी कहां से चोरी की गई थी।

### कोसीकलां पुलिस ने किया चोरी की घटना का खुलासा

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने चोरी की घटनाओं को कारित करने वाले दो अभियुक्तों को 314 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अरविन्द कुमार निर्वाल ने बताया कि गस्त के दौरान शनिवार को ईदगाह तिराहा एनएच 19 की तरफ थाना कोसीकलां मथुरा से कल्लू उर्फ कुमरपाल पुत्र राजपाल निवासी अंधुआपट्टी होडल थाना होडल जिला पलवल हरियाणा, अरूण पुत्र कमल सिंह निवासी रेलवे रोड नया नगला होडल थाना होडल जिला पलवल हरियाणा को 314 ग्राम नशीला पाऊडर डायजापाम, एक काजू पैकेट, एक बादाम पैकेट, दो आधार कार्ड छायाप्रति, एक सब्बल बेलचा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूंछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा आठ अप्रैल की रात करीब ढाई बजे के आस पास कोसीकलां बाजार में दुकानों को तोड़कर चोरी की गयी थी। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### हनुमान जयंती पर विहिप की युवा इकाई ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**बाराबंकी**
**हनुमान** जन्मोत्सव बजरंग दल बलोपासना दिवस के मौके पर शनिवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर विश्व हिंदू परिषद के युवा इकाई बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड देवा के ग्रामीण स्टेडियम ग्राम बैसुआ टेराकला के मैदान में श्री हनुमान जन्मोत्सव,बजरंग दल बलोपसना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के युवा इकाई बजरंग दल के तत्वाधान में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य, जिला मंत्री राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें कई टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला कुशुम्भा और इनायतपुर के मध्य हुआ जिसमें विजेता कुशुम्भा व उपविजेता इनायतपुर की टीम रही। विजेता व उपविजेता टीम के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र,मेडल व ट्रॉफी आयोजन मंडल की तरफ से भेंट की गई। इस अवसर पर जिला सह मंत्री वीरेंद्र,बजरंग दल जिला संयोजक राहुल विक्रम, जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख तुलसीराम चौहान,जिला बलोपसना प्रमुख जयपाल व प्रखंड संरक्षक सिद्धनाथ शास्त्री सुरजीत सिंह चौहान,शिवा गौतम आदि मौजूद थे।

## चोरी की तीन बैटरी के साथ पकड़ा

**मथुरा।** थाना मांट पुलिस ने चोरी की तीन बैटरी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मांट जसवीर सिंह के मुताबिक
चैकिंग के दौरान रामकुमार उर्फ बन्टू पुत्र पूरन सिंह निवासी हरनौल थाना सुरीर को दुकान के सामने टैंटीगांव से मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से चोरी की तीन बैटरी बरामद हुई की गईं। आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

# 6 हजार बच्चों को वितरण किये पाठ्य सामग्री से भरे बैग

## ी राधारानी की नगरी बरसाना क्षेत्र के 39 स्कूलों के 6 हजार बच्चों को पाठ्य सामिग्री व अन्य सामान से भरे हुए बैगों का वितरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** बरसाना में जगद्गुरु कृपालु परिषद् रंगीली महल संस्था के द्वारा श्री राधारानी की नगरी बरसाना क्षेत्र के 39 स्कूलों के 6 हजार बच्चों को पाठ्य सामिग्री व अन्य सामान से भरे हुए बैगों का वितरण किया गया। इन बैगों को पाकर ब्रजवासी बच्चों के चेहरे खिल उठे।
संस्था के सेक्रेटरी नितिन गुप्ता ने स्कूली बच्चों को बैग वितरण करते हुए कहा कि बरसाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के स्कूली बच्चों को लगातार 11 वर्षों से हर वर्ष के अंदर तीन बार सामग्री वितरण करती है। उन्होंने कहा कि हमारे



**वितरण**

**▶▶ स्कूली बच्चों को लगातार 11 वर्षों से हर वर्ष के अंदर तीन बार सामग्री वितरण करती है**

गोलोकवासी संस्थापक जगद्गुरु कृपालु महाराज ने इस मुहिम की शुरूआत सन् 2014 में की थी। संस्था आज भी संस्थापक जगद्गुरु कृपालु महाराज के ही आशीर्वाद से बरसाना क्षेत्र के 6 हजार निर्धन छात्र - छात्राओं को पाठ्य सामग्री के साथ दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं का वितरण किया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि ब्रजवासी बच्चों की सेवा करने से संस्था को एक नई ऊर्जा के साथ ताकत भी मिलती है।
रंगीली महल परिसर में हुए कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की चहक से गुंजायमान हो उठा। पाठ्य सामग्री से भरा हुआ बैग पाकर बच्चे खुशी में झूमते हुए राधे-राधे के साथ जगद्गुरु कृपालु महाराज के भी जयकारे लगा रहे थे। संस्था के अनुयाई बड़े ही भाव से बच्चों को फ्रूटी के साथ प्रसाद देकर उनका दुलार करते दिखे।

# जैंत का टिकट न बनाने पर सख्त कार्यवाही

## एआरएम ने परिचालक पर लगाया जुर्माना, चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा। उत्तर** प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम जैंत की टिकट बनाने से इंकार करना मथुरा डिपो के परिचालक को मंहगा पड़ गया। मथुरा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने परिचालक पर तीन सौ रुपए का हजार्ना लगाया है और भविष्य में गलती न करने की सख्त चेतावनी दी है। जैंत में स्थित बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड और कालिया मर्दन नाग मंदिर पर दर्शनों के लिए देश-विदेश के तीर्थ यात्रियों का आवागमन बना रहता है। जैंत दर्जनों गांवों का केंद्र बिंदु है। श्रद्धालु और ग्रामीण दिल्ली

**महंगा पड़ा**

**▶▶ ग्राम जैंत की टिकट बनाने से इंकार करना मथुरा डिपो के परिचालक को मंहगा पड़ गया**

एनसीआर, पलवल, फरीदाबाद आदि अपने गंतव्य के लिए जयकुंड चौक से ही वाहनों में बैठते हैं, परंतु मथुरा डिपो के चालक परिचालक जैंत के जय कुंड चौक से सवारी नहीं उठाते हैं और न ही जैंत की टिकट बनाते हैं।बता दें कि विगत 9 अप्रैल को पूर्वाह्न 10.20 बजे चंद्रप्रकाश बृजवासी अपनी पत्नी के साथ मथुरा के जयसिंहपुरा मसानी से वापस लौटते समय आईएसबीटी बस स्टैंड के पास स्थित पराग डेयरी रेड लाइट पर खड़ी मथुरा डिपो की बस में बैठ गए। परिचालक से जैंत का टिकट मांगा तो दो सवारी के 40 लेकर टिकट देने से इंकार कर दिया। जनसुनवाई पोर्टल और टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर पर की गईं शिकायत पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए एआरएम मदन मोहन शर्मा ने परिचालक पर दंड स्वरूप 300 रुपए वेतन में से वसूली करने और भविष्य में इस प्रकार

## मथुरा के लव कुमार ने 10 किलोमीटर दौड़ में जीता सिल्वर मेडल

**मथुरा।** जिला एथलेटिक संघ के सचिव जय सिंह ने बताया कि सीनियर पुरुष व महिला वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 से 11अप्रैल तक बरेली के महात्मा ज्योतिबा फूले स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की गई। आज अंतिम दिन मथुरा के लव कुमार ने 10 किलो मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीतने में सफलता हासिल की। इसके अलावा 5 किलोमीटर दौड़ में मथुरा के आकाश कुंतल ने भी पहले दिन सिल्वर मेडल जीता था। इन दोनों खिलाड़ियों की इस मौजूद रहे।

# मंडी में खुले में पड़ा किसानों का गेंहू

## भाकियू सुनील ने की टीन सेट खाली करने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा। भारतीय** किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियों ने मथुरा मंडी समिति में किसानों के अनाज रखने के लिए टिन सेट खाली करने की मांग के लिए मंडी सचिव पंकज शर्मा को ज्ञापन सौंपा।
भाकियू सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहाकि मथुरा मंडी समिति में किसानों का अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा रहता है। मंडी समिति में किसानों के अनाज रखने के लिए सिर्फ एक टिन सेट खाली है। बारिश पड़ने पर किसानों का अनाज पानी में बह जाता है। भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने पूर्व में टिन सेट खाली करने के लिए आंदोलन किया था। उसके बाद पांच नंबर प्लेट फॉर्म को खाली किया गया। अब गेहूं की फसल चल रही है किसान अपना गेहूं लेकर जब मंडी समिति में आते हैं तो उनको अपना गेहूं खुले आसमान के नीचे रखना पड़ता है। किसान संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि मंडी सचिव पंकज शर्मा ने आश्वासन दिया है कि पांच नंबर प्लेट फॉर्म खाली पड़ा है। किसानों के अनाज रखने लिए तीन नए प्लेटफार्म का प्रस्ताव पास हो चुका है। तीन नए प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा, जिससे किसी भी किसान को परेशानी न हो। किसानों के पीने के पानी के लिए मंडी समिति मे तीन नई बोरिंग कराई गई है। एक आरओ को भी चालू कर दिया गया है और भी आरओ पीने के पानी के लिए मंडी समिति में लगाए जाएंगे। मंडी सचिव पंकज शर्मा के आश्वासन के बाद ही किसान नेता मंडी समिति कार्यालय से बहार आये।

# निजी स्कूलों को नहीं मिलेगी लूट की छूट

## जिलाधिकारी बोले स्कूल प्रबंधकों की शीघ्र बुलाएंगे बैठक, समस्याओं के समाधान को संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** छात्रों व अभिभावकों की समस्याओं व प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही लूट के संदर्भ में अभिभावकों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंप कर लूट मचाने वाले शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। अभिभावकों के साथ विस्तृत रूप से वार्ता करने के बाद जिला अधिकारी द्वारा तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर शीघ्र एक बैठक प्रबंधकों के साथ बुलाने के निर्देश




दिए। उन्होंने कहा कि लूट किसी भी शिक्षण संस्थान को करने नहीं दी जाएगी। अभिभावक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि निजी स्कूलों किताब, कापी, ड्रेस आदि के लिए दुकानें तय कर रखी हैं। जिन पर मनमानी कीमत पर बच्चों व अभिभावकों को किताब, बुक , ड्रेस आदि सामिग्री खरीदनी पड़ रही है । इसे तुरंत रोका जाए।
इस अवसर पर संघ के संस्थापक शशिभानू गर्ग, अध्यक्ष हेमेंद्र गर्ग, मंत्री जगत बहादुर अग्रवाल, परग गुप्ता, सचिन अरोरा, आशीष वर्मा, सचिन चौधरी, आशीष गर्ग, श्रीकांत गुप्ता, राजीव बंसल, विजय चौधरी, सुधीर वर्मा, गगन बंसल आदि उपस्थित रहे।

# परिक्रमा मार्ग में अब अतिक्रमण किया तो लगेगा आर्थिक दंड

**मथुरा।** नगर निगम अतिक्रमण हटाता है और आदतन लोग अतिक्रमण करते रहते हैं। यह सिलसिला अब थमेगा। नगर निगम अब अतिक्रमण हटाने आने वाले खर्चे की वसूली अतिक्रमण करने वालों से करेंगा। इसके लिए अतिक्रमण करने वालों पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। वृंदावन में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन प्रतिदिन होता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा करते हैं। वृंदावन परिक्रमा मार्ग को लगातार अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर निगम की टीमें कार्यवाही करती हैं। दूसरी ओर श्रद्धालुओं के आने से रोजगार के अवसर भी बढ़ता हैं







इसका लाभ उठाने के लिए परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण करने वाले लगातार कार्यवाही के बाद भी अपने अभियान को आगे बढाते रहे हैं। श्रद्धालुओं को अवैध अतिक्रमण के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिक्रमा लगाते हुए अवैध अतिक्रमण के कारण कई श्रद्धालुओं को चोट भी लगती रही है। जिला प्रशासन, नगर निगम मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण एवं पुलिस बल द्वारा वृन्दावन परिक्रमा मार्ग से दो स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। जिला प्रशासन, नगर निगम एवं मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने परिक्रमा मार्ग पर निवासित लोगों से अपील की है कि जिन्होंने परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण कर रखा है, वह स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें। विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा अर्थ दंड भी लगाया जाएगा, जिसके लिए स्वयं अतिक्रमणकर्ता जिम्मेदार होगा।

# योगी सरकार में मजबूत हुई सामाजिक सुरक्षा की डोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुरः विकास** के पैमाने पर नाम चकमाने के साथ ही योगी सरकार सामाजिक सुरक्षा की डोर को भी मजबूत कर रही है। निराश्रित महिलाओं, वृद्धजन, दिव्यांगजन से जुड़ी सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं की प्रगति इसे प्रमाणित करती है। पूर्व की सरकार की तुलना में अकेले गोरखपुर में योगी सरकार में वृद्धावस्था पेंशन का लाभ पाने वालों की संख्या ढाई गुना बढ़ी है। निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों की संख्या में 80

**पेंशन**

**▶▶ सामाजिक सुरक्षा की एक अन्य महत्वपूर्ण योजना निराश्रित महिलाओं के पेंशन की है**

फीसद से अधिक का इजाफा हुआ है जबकि दिव्यांगजन पेंशन योजना से लाभान्वितों की भी संख्या बढ़ी है। सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाने वाली वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत गोरखपुर में मार्च 2017 तक 61470 लाभार्थी वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त करते थे। जबकि अप्रैल 2017 से लेकर मार्च 2025 तक इस पेंशन योजना का लाभ पाने वाले वृद्धजन की संख्या ढाई गुना से अधिक बढ़कर 168201 हो गई है। सामाजिक सुरक्षा की एक अन्य महत्वपूर्ण योजना निराश्रित महिलाओं के पेंशन की है। मार्च 2017 तक जिले में 38910 निराश्रित महिलाओं को पेंशन मिलती थी।

# यूपी बनेगा देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन: योगी

**योगी सरकार के कार्यकाल में आठवें से दूसरे नंबर की हुई अर्थव्यवस्था, सीएम का संकल्प, 2030 तक यूपी होगा अर्थव्यवस्था के लिहाज से देश में नंबर वन**

**आर्थिक प्रगति**

**▸▸ आज 27.5 हजार करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था के साथ यूपी दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य**

**टीम एक्शन इडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति देश भर में चर्चा का विषय है। प्रकृति एवं परमात्मा की असीम अनुकंपा के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था सातवें या आठवें स्थान पर झूलती रही। इस दौरान इसका कुल आकार भी 12 हजार करोड़ रुपये से लेकर 12.5 हजार करोड़ रुपये के बीच ही रहा। पर, मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद इसमें अभूतपूर्व बदलाव आया। आज 27.5 हजार करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था के साथ यूपी देश की देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य है। देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का योगदान 9.2 फीसद है। जीडीपी की ग्रोथ राष्ट्रीय औसत 9.6 फीसद की तुलना में 11.6 फीसद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे 2030 तक देश की नंबर वन अर्थव्यस्था वाला राज्य बनाने को कृत संकल्पित हैं। अभी एक अप्रैल को भी बरेली में एक कार्यक्रम के दौरान इस बात को दोहराया था।

**एक्सपट्र्स और संस्थाएं भी अर्थव्यवस्था की तेजी की मुरीद**

अब तो निजी तौर पर आर्थिक विशेषज्ञ और संस्थाएं भी यह मानने लगी हैं कि उत्तर प्रदेश में विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बन सकता है। हाल ही में लखनऊ में योजना विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने भी यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि करीब 56 फीसद युवा आबादी, नौ तरह के अलग कृषि जलवायु क्षेत्र, पानी की भरपूर उपलब्धता आदि के जरिये यह संभव है। उन्होंने अलग-अलग जिलों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए जिस एक्शन प्लान का जिक्र किया था, उस पर योगी सरकार पहले से काम कर रही है। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना और एक जिला-एक जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) इसकी कड़ी है। अब तो सरकार इससे भी आगे एक जिला एक पकवान के बाबत सोच रही है। ओडीओपी योजना प्रदेश की सफलतम योजना है। इसकी तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भर कर चुके हैं।



**अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों पर एक नजर**

नीति आयोग ने राजकोषीय स्थित के संबंध में जारी रिपोर्ट में यूपी को फ्रंट रनर राज्य की श्रेणी में रखा है। भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ ने भी कर की प्राप्तियों में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरे स्थान पर रखा है। पिछले पांच वर्षों से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट की स्थित इस बात का प्रमाण है कि सरकार ने प्रभावी तरीके से कर चोरी, इसके लीकेज को खत्म किया है। इसमें डिजिटलाइजेशन को बढ़ाकर व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऋण और जमा अनुपात

## राणा सांगा की यशगाथा इतिहास का स्वर्णिम अध्याय: योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर परम प्रतापी राणा सांगा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संदेश में राणा सांगा के शौर्य, राष्ट्रभक्ति और धर्मरक्षा के लिए उनके समर्पण को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने लिखा, "धर्मरक्षा हेतु समर्पित रहे परम प्रतापी राणा सांगा जी की जयंती पर उन्हें कोटिश: नमन! राष्ट्रभक्ति और त्याग की प्रतीक उनकी यशगाथा इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनका शौर्य युगों-युगों तक भारतभूमि को स्वाभिमान से सिंचित करता रहेगा।" सीएम योगी आदित्यनाथ ने राणा सांगा के जीवन को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को भारतीय इतिहास का गौरवपूर्ण हिस्सा करार दिया। उनके इस संदेश को सोशल मीडिया पर व्यापक सराहना मिल रही है।



## अद्भुत संयोग पर अयोध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब



**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में शनिवार को एक अद्भुत संयोग ने आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि सरयू घाट से लेकर मठ-मंदिरों तक भक्तों का तांता लगा रहा। रामलला का छठी उत्सव, हनुमान जन्मोत्सव और चैत्र पूर्णिमा का पावन पर्व एक साथ होने से अयोध्या भक्ति के रंग में सराबोर हो गई। इस अवसर पर हर भक्त के मुख पर सिर्फ "राम-राम" का जाप सुनाई दे रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या की व्यवस्था और सुरक्षा इतनी सुदृढ़ थी कि लाखों श्रद्धालुओं ने बिना किसी अव्यवस्था के दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त किया। राम मंदिर में रामलला के छठी उत्सव का आयोजन बड़े ही भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर रामलला को कढ़ी-चावल सहित 56 भोग अर्पित किए गए। दोपहर 12:30 बजे मध्यकालीन आरती हुई, जिसमें हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। वहीं कनक भवन, श्रीरामबल्लभाकुंज, दशरथ महल, रामलला सदन, लक्ष्मण किला और रंग महल जैसे प्रमुख मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। इन अनुष्ठानों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जो रामलला के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट कर रही थी। दूसरी ओर, हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अयोधया हनुमानगढ़ी में सुबह से ही अनुष्ठान शुरू हो गए। घंटे-घड़ियालों व शंखनाद के बीच हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया गया। नाका, सिविल लाइन्स, सहादतगंज और अन्य हनुमान मंदिरों में भी रामायण पाठ, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का आयोजन हुआ।

भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ-साथ आध्यात्मिक माहौल में डूबने का अवसर मिला। चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। भोर में ही श्रद्धालु सरयू तट पर स्नान के लिए पहुंच गए। स्नान के बाद दान-पुण्य और पूजा-अर्चना कर उन्होंने मठ-मंदिरों का रुख किया।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर अयोध्या की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को पहले से ही निर्देश दे दिए थे। उनकी देखरेख में सुरक्षा और सुविधाओं का ऐसा प्रबंध किया गया कि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि अयोध्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए भक्तों को दर्शन कराए गए। योगी सरकार की यह प्रतिबद्धता कि अयोध्या में हर भक्त को सुरक्षित और सुगम दर्शन का अवसर मिले।

## होम स्टे योजना से युवाओं को मिल रहा रोजगार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल। उत्तराखंड** सरकार की पर्यटन विभाग के माध्यम से संचालित होम स्टे योजना नैनीताल जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने में सहायक सिद्ध हो रही है। इस योजना ने न केवल बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि ग्रामीण आर्थिकी को भी गति दी है। पहाड़ी क्षेत्रों में संचालित होम स्टे में आने वाले देश-विदेश के पर्यटक स्थानीय व्यंजनों और लोक संस्कृति का आनंद ले रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनीताल के समीप खुपार्ताल निवासी पंकज कोटलिया ने पर्यटन विभाग की पंडित दीनदयाल उपाध्याय होम स्टे योजना के तहत 30 लाख रुपये का ऋण लेकर होम स्टे प्रारंभ किया, जिसमें उन्हें 50 प्रतिशत अनुदान और बैंक ब्याज पर 50 प्रतिशत तथा अधिकतम 1.50 लाख रुपये प्रति वर्ष का अनुदान मिला। उन्होंने बताया कि उनका होम स्टे सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। उन्होंने दो अन्य ग्रामीणों को भी इसमें रोजगार दिया है। इस प्रकार यह योजना स्थानीय लोगों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर पलायन पर नियंत्रण का सशक्त माध्यम बनती जा रही है।

## लालजी ने अपनी मजबूत पहचान बनाकर रखी: सीएम

**टीम एक्शन इडिया**

**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन भारत माता के ऐसे सपूत थे जिन्होंने लखनऊ, प्रदेश और देश की राजनीति में लगभग 7 दशक तक अपनी एक मजबूत पहचान बनाकर रखी। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सम और विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए एक पार्टी, एक विचारधारा और जीवन भर राष्ट्रवाद के मूल्यों का अनुसरण किया।



**जब कोई व्यक्ति अपनी मर्यादाओं का पालन करता है तो शिखर तक पहुंचने में देर नहीं लगती**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टंडनजी की लखनऊ, प्रदेश और देश की राजनीति में प्रभावी उपस्थिति, उनके मूल्यों और आदर्शों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि टंडन जी के व्यक्तित्व में हमेशा दिखायी देता था कि जब एक व्यक्ति अपनी मयार्दाओं का पालन करता है तो उसे शिखर तक पहुंचने में देर नहीं लगती है। उन्होंने लखनऊ में एक सामान्य कार्यकर्ता, स्वयं सेवक के रूप में लखनऊ नगर पालिका परिषद और लखनऊ नगर निगम पार्षद के बाद विधान परिषद सदस्य और फिर विधायक के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभायी।

**याद किया**

**▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती पर उन्हें किया याद**

## रामराज्य की स्थापना में हनुमानजी का योगदान प्रेरणादायी: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री हनुमान जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रामदूत श्री हनुमानजी की भक्ति, सेवा और समर्पण भाव से प्रेरित होकर हम विकसित भारत-विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प की सिद्धि में योगदान दें, यही प्रार्थना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान जयंती के पावन पर्व पर शनिवार को राजधानी भोपाल स्थित राजकीय विमान तल पर श्री हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों के लिए जारी संदेश में कहा कि हनुमान जी अजर-अमर हैं। भगवान श्रीराम के रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। माता सीता का प्रेम, स्नेह और वात्सल्य पाकर उनकी आजीवन सेवा तथा असाधारण वीरता का हनुमानजी का संकल्प सभी के लिए प्रेरक है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन बाण चला रहे थे, और भगवान श्रीकृष्ण सारथी थे, तब भी धर्म ध्वजा हनुमानजी ने ही धारण की थी। हर कष्ट, हर दुःख में सबसे पहले हमें हनुमानजी ही याद आते हैं। वे ही हमें बल, बुद्धि, पराक्रम, वीरता, ज्ञान, विनयशीलता जैसे मानवीय गुणों का वरदान प्रदान करते हैं।



**अजर-अमर**

**▸▸ हनुमान जी अजर-अमर हैं। श्रीराम के रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी**

## दिल्ली के लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिल्ली के लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन ऐतिहासिक होगा। आज शनिवार को दिल्ली और मध्य प्रदेश के संबंधों का नया अध्याय लिखा जाएगा। भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र, विक्रमोत्सव के अंतर्गत विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रथम प्रस्तुति, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन गजेन्द्र सिंह शेखावत की गरिमामय उपस्थिति में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का सुशासनकाल आज भी भारत के सभी राज्यों में सम्मान के साथ याद किया जाता है।

उनके शौर्य, पराक्रम, वीरता, ज्ञानशीलता, दानवीरता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहल ने शासन संचालन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।



## धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहेब की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती 14 अप्रैल, 2025 को पूरे प्रदेश में अत्यंत गरिमा एवं राजकीय सम्मान के साथ मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। विशेष अवसर पर जिलों में भव्य समारोहों, विचार गोष्ठियों एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, जयंती से एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को प्रदेश के समस्त पार्कों एवं स्मारकों की विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी।

**कार्यशाला** केदारनाथ से बिहार तक, हर त्रासदी में मानवता के साथ खड़ा रहा पतंजलि: आचार्य बालकृष्ण

## 'डिजास्टर मेडिसिन में भारत को वैश्विक नेतृत्व दिलाएगा पतंजलि'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन एवं आपदा औषधि विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आज शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में चार देशों के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों ने सहभागिता की। कार्यशाला में स्पेन विश्वविद्यालय के प्रो. रूबेन, इटली से विश्व बैंक के आपदा औषधि समूह के अध्यक्ष प्रो. रोबेर्टो मुगावेरो, नॉर्वे विश्वविद्यालय के प्रो. बी. सितौला तथा नेपाल आपदा प्रबंधन केंद्र के वैज्ञानिक प्रो. बी. अधिकारी ने भाग लिया।

इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय में डिजास्टर मेडिसिन, मैनेजमेंट एंड क्लाइमेट चेंजह्व को लेकर अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) की स्थापना एवं लोकार्पण भी किया गया। साथ ही, विश्वविद्यालय में पेटेंट सेल की भी स्थापना की गई। उद्घाटन समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि यह केंद्र भविष्य में वैश्विक स्तर पर आपदाओं व उनसे उत्पन्न त्रासदी से निपटने में सहायक सिद्ध होगा। पतंजलि ने हमेशा हर आपदा में मानवता और समाज सेवा की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है। चाहे वह सुनामी रही हो, बिहार की बाढ़, या केदारनाथ की त्रासदी। पतंजलि की शक्ति, सोच और भावना का ही परिणाम है कि हम हर आपदा में सबसे पहले सहायता पहुंचाने वालों में शामिल होते हैं। उन्होंने भारतीय व सनातन संस्कृति से आपदा प्रबंधन की शिक्षा लेने पर भी बल दिया। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर आपदा प्रबंधन और जनकल्याण के लिए एक व्यवस्थित पहल करेगा। आचार्य बालकृष्ण ने इस सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन और जनकल्याण के क्षेत्र में भारत की प्राचीन परंपराएं सदैव मार्गदर्शक रही हैं।



www.actionindialive.com
जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033
B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042
9999889104, 8447314925